

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 25 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-088 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


# ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने भरी अंतरिक्ष के लिए उड़ान

**फ्लोरिडा,25 जून। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भर ली है। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने अपनी टीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए उड़ान भरी। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के फॉल्कन 9 रॉकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान के जरिए लॉन्च हुआ. शुभांशु शुक्ला का यह मिशन कई मायनों में इसलिए भी खास हो जाता है, क्योंकि आज से पहले यह मिशन 6 बार टाला जा चुका है। कभी मौसम की वजह से तो कभी तकनीकी खामी बताकर कई बार इस मिशन को अब तक टाला गया, ऐसे में अब देश टकटकी लगाकर इस मिशन को देख रहा है।**



## राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय

शुभांशु शुक्ला भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री होंगे, जो अंतरिक्ष में जाएंगे. इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा ने सोवियत यूनियन के मिशन में हिस्सा लिया था. यह पहली बार होगा जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस ) पर जाएगा. शुभांशु 14 दिन तक आईएसएस पर रहेंगे और विभिन्न प्रयोग करेंगे. इस मिशन में भारत, पोलैंड, हंगरी और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं.

Ax-4 मिशन का अनुभव भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण होगा. गगनयान 2026 में तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्ष में ले कर जाएगा. शुभांशु आईएसएस से भारतीय छात्रों के साथ लाइव बातचीत करेंगे ताकि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) में उनकी रुचि बढ़े.

### एनडीए के छात्र रहे हैं शुभांशु

साल 1985 में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जन्मे शुभांशु शुक्ला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं. उन्हें 17 जून 2006 को भारतीय वायु सेना की कॉम्बैट विंग में नियुक्त किया गया था. वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं. उनके पास लगभग 2,000 घंटे की उड़ान का अनुभव है. उन्होंने सुखोई-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 समेत कई तरह के विमान उड़ाए हैं. वह देश के हर तरह के फाइटर जेट्स उड़ा चुके हैं.

### साथ ले गए हैं आम रस और मिठाईयां

शुभांशु शुक्ला न केवल वैज्ञानिक उपकरण बल्कि अपने दिल के करीब कुछ निजी सामान भी ले जा रहे हैं. जबकि अंतरिक्ष यात्रियों को आमतौर पर हल्का सामान पैक करने की सलाह दी जाती है, शुक्ला अपने साथ विशेष रूप से तैयार भारतीय मिठाइयां ले जा रहे हैं. एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने खुलासा किया कि वह अंतरिक्ष में आमरस, गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा ले जाएंगे . उन्होंने कहा कि वह इन्हें ISS पर अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साझा करने की योजना बना रहे हैं.



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने भारत के लिए अंतरिक्ष में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है, पूरा देश एक भारतीय की सितारों की यात्रा पर उत्साहित और गर्वित है. वह और अमेरिका, पोलैंड और हंगरी के एक्सिओम मिशन 4 के उनके साथी अंतरिक्ष यात्री साबित करते हैं कि दुनिया वास्तव में एक परिवार है - 'वसुधैव कुटुम्बकम'"

शुभांशु शुक्ला की मिशन लॉन्चिंग के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, "हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरिक्ष मिशन के सफल लॉन्चिंग का स्वागत करते हैं.



भारतीय अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं. वे अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों की इच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर आए हैं. उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को सफलता की शुभकामनाएं.



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी Axiom-4 मिशन की ऐतिहासिक सफलता पर पायलट ग्रुप कैप्टन, भारतीय गगनयात्री शुभांशु शुक्ला को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

## संक्षेप

### स्थानांतरण पर प्रतिबंध में छूट की अवधि बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए 30 जून तक स्थानांतरण आदेश जिला-विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने की छूट दी है. इसके पहले यह छूट केवल 25 जून तक थी. सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से तमाम विभागाध्यक्षों को स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 के संबंध में जारी पत्र में बताया गया है कि स्थानांतरण पर प्रतिबंध को 25 जून तक शिथिल किया गया है. राज्य शासन ने छूट की अवधि में संशोधन करते हुए 30 जून तक निर्धारित किया है.इस अवधि में जिला स्तर पर जारी स्थानांतरण आदेश तथा क्रियान्वयन की स्थिति को 30 जून तक संबंधित जिला / विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त स्थानांतरण नीति की शेष शर्तें यथावत रहेगी.

### गुजरात-महाराष्ट्र में ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में जालसाजों से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत छापेमारी की। मामला कथित तौर पर डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराध और 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि विदेश में स्थानांतरित करने से जुड़ा हुआ है। गुजरात के सूरत-अहमदाबाद में और मुंबई में संघीय जांच एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का मामला गुजरात पुलिस की ओर से मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर से उपजा है।

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम,एक आतंकी ढेर

**जम्मू।** राजोरी के केरी सेक्टर के बारात गाला क्षेत्र में मंगलवार सुबह पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकियों में से एक को सेना ने ढेर कर दिया। आतंकी तीन से चार की संख्या में बताए जा रहे हैं। सतर्क जवानों के फायरिंग शुरू करते ही अन्य आतंकी उल्टे पांव भाग निकले। मारे गए आतंकी का शव नियंत्रण रेखा के पास ही पड़ा है। सूत्रों के अनुसार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच भारतीय सेना ने बारात गाला क्षेत्र में एलओसी के उस पार संदिग्ध हरकत देखी गई। घुसपैठ की कोशिश का पता चलते ही सतर्क जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। सैन्य सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी सेना ने शाम को मारे गए आतंकी का शव उठाने के लिए प्रयास भी किया, लेकिन जवानों ने गोलीबारी कर इस प्रयास को भी विफल बना दिया।

शव नियंत्रण जीरो लाइन पर ही पड़ा हुआ है। आतंकी घुसपैठ नाकाम करने के बाद सेना ने पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू किया है। सेना ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि कहीं कोई संदिग्ध दिखे तो फौरन सेना को सूचित करें।

आपातकाल के 50 साल

# कांग्रेस ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था : नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली,25 जून।** आज आपातकाल के 50 साल पूरे हो गए हैं. इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक काला अध्याय है. इस दिन को भारतीय लोग संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि



इस दिन संविधान के मूल्यों को नजरअंदाज किया गया, मौलिक अधिकारों का हनन हुआ और प्रेस की स्वतंत्रता को समाप्त कर दिया गया. कई राजनीतिक नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र और आम नागरिक जेल में डाल दिए गए. 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा की जो 21 मार्च 1977 तक, यानी 21 महीनों तक, लागू रहा. प्रधानमंत्री ने लिखा कि आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वालों को सम्मानित किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि हम उन सभी व्यक्तियों को सलाम करते हैं, जिन्होंने इस लड़ाई में steadfastness दिखाई. ये लोग विभिन्न क्षेत्रों और विचारधाराओं से आए थे, लेकिन एक समान लक्ष्य के लिए एकजुट होकर कार्य किया. भारत के लोकतंत्र की सुरक्षा करना और उन मूल्यों को बनाए रखना आवश्यक है, जिनके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी. उनका सामूहिक संघर्ष ही वह कारण था, जिसने तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र को पुनर्स्थापित करने और नए चुनाव कराने के लिए मजबूर किया, जिसमें उन्हें भारी पराजय का सामना करना पड़ा.पीएम ने कहा कि जब आपातकाल लागू किया गया था, तब वे आरएसएस के युवा प्रचारक थे. उन्होंने अपनी पोस्ट में 'द इमरजेंसी डायरीज' नामक पुस्तक का उल्लेख करते हुए लिखा कि आपातकाल के खिलाफ आंदोलन उनके लिए एक महत्वपूर्ण सीखने का अनुभव था. इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा के महत्व को उजागर किया.

**इमरजेंसी पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा**-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व कांग्रेस की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी, जो केवल एक राजनीतिक घटना नहीं थी, बल्कि लोकतंत्र पर एक गंभीर आक्रमण था. आज भी कांग्रेस उसी मानसिकता में जी रही है, और उसके इरादे 1975 के समान ही हैं.

**केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा**-यह देश की आत्मा को कुचलने का एक स्पष्ट प्रयास था. आपातकाल एक परिवार द्वारा रचा गया षड्यंत्र था, जो सत्ता के नशे में था, और यह कांग्रेस की अत्याचारी और क्रूर मानसिकता का भी संकेत देता है.

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा**-देश में आपातकाल, कानूनों का दुरुपयोग, न्यायिक स्वतंत्रता का उल्लंघन और नियमों की अनदेखी की गई थी. कांग्रेस के उन नेताओं को, जो संविधान की प्रति लेकर चलते हैं, यह समझना चाहिए कि भारत उस अत्याचार को 50 वर्षों बाद भी नहीं भूला है.

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा**-आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की लालसा का एक अन्यायपूर्ण काल था. 25 जून 1975 को लागू किए गए आपातकाल के दौरान देशवासियों ने जो कठिनाइयाँ झेली, उसे नई पीढ़ी के सामने लाने के लिए मोदी सरकार ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया. यह दिवस इस बात का प्रतीक है कि जब सत्ता तानाशाही का रूप धारण कर लेती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की क्षमता रखती है. आपातकाल किसी राष्ट्रीय आवश्यकता का परिणाम नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी सोच का परिचायक था.

# तालिबान के हमले में मारा गया विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाला पाक अधिकारी

**नई दिल्ली,25 जून।** साल 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान भारतीय विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने वाले पाकिस्तानी अधिकारी की मौत हो गई है। खबर है कि पाकिस्तान तालिबान के एक हमले में मेजर मोइज अब्बास शाह की मौत हुई है। पाकिस्तान की सेना ने बताया है कि इस हमले में एक और जवान की मौत हुई है। खास बात है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद एक बार फिर दोनों मुल्कों के रिश्ते तल्ख बने हुए हैं।कमांडर रहे वर्धमान को पकड़ने के बाद मेजर शाह चर्चा में आ गए थे। TTP यानी तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के हमले में मेजर शाह की मौत हुई। मीडिया रिपोर्ट्र्स के अनुसार, इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन ने बयान जारी किया, '24 जून 2025 को सुरक्षाबलों ने दक्षिण



वजीरिस्तान जिले के सरौघा इलाके में सुरक्षा बलों ने एक ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन में मेजर मोइज अब्बास शाह और लांस नायक जिबरान मारे गए।' खबरें ये भी हैं कि पाकिस्तानी सेना के इस ऑपरेशन में 11 आतंकवादी भी मारे गए हैं। मेजर शाह को बुधवार को पाकिस्तानी संसद में श्रद्धांजलि भी दी गई। वह पाकिस्तान के चकवाल से थे और एसएसजी यानी स्पेशल सर्विस ग्रुप का हिस्सा थे।पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला बोला था। उस ऑपरेशन के दौरान कमांडर वर्धमान मिग-21 बायसन जेट में सवार थे और पाकिस्तानी वायुसेना के विमानों को भारतीय हवाई क्षेत्र से खदेड़ रहे थे। उस दौरान उनके विमान को निशाना बनाया गया और वह पाकिस्तानी क्षेत्र में पहुंच गए थे। वहां पाकिस्तानी सेना ने उन्हें पकड़ लिया था। हालांकि, कुछ समय बाद ही पाकिस्तान ने उन्हें रिहा कर दिया था।

# मोदी सरकार में अघोषित आपातकाल : खरगे

**नई दिल्ली,25 जून।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आपातकाल के 50 साल पूरे होने के मौके पर सरकार की ओर से कार्यक्रम के आयोजनों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है। उन्होंने दावा किया कि वह आपातकाल तो खत्म हो गया, लेकिन मोदी सरकार में 'अघोषित आपातकाल' है। खरगे ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। खरगे ने कहा, 'अब ये संविधान बचाओ की बात कर रहे हैं। आपातकाल के 50 साल पूरा होने के बाद उसे दोहरा रहे हैं।'उन्होंने भाजपा के वैचारिक पूर्वजों का हवाला देते हुए कहा कि जिनका आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं रहा, जिनका संविधान के निर्माण कोई योगदान नहीं रहा, जो हमेशा संविधान के खिलाफ बात करते रहे, जिन लोगों ने बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को रामलीला मैदान में जलाया, उन्हें अब सदबुद्धि आई।



खरगे ने दावा किया, 'हम एक साल से संविधान बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं, उससे भाजपा घबरा गई है।' उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार शासन में नाकाम रही। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नोटबंदी और काले धन के मामले में भी विफल रही। उन्होंने दावा किया कि विफलताओं को छिपाने के लिए यह नाटक रचा गया है। खरगे ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, 'आपातकाल तो आप लाए हैं। वो आपातकाल खत्म हो गया, लेकिन आज तो अघोषित आपातकाल है।' उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा समय में निर्वाचन आयोग कठपुतली बन गया है।

### भारत में अगले महीने खुल सकता है एलन मस्क की टेस्ला का पहला शोरूम

**मुंबई,25 जून।** दुनियाभर में इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) क्रांति की अगुआ रही एलन मस्क की टेस्ला ने भारत में आधिकारिक तौर पर प्रवेश की प्रक्रिया तेज कर दी है। कंपनी का पहला शोरूम मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) में बनना शुरू हो गया है। यह शोरूम जुलाई 2025 में लॉन्च होने की संभावना है। टेस्ला की योजना भारत में अपनी मशहूर एसयूवी मॉडल Y के जरिए शुरुआत करने की है, जिसकी अनुमानित शुरुआती कीमत 48 लाख होगी। यह कार टेस्ला की शंघाई स्थित फैक्ट्री से आयात की जाएगी।

# अमेरिकी हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने खत्म हुए या नहीं पर संशय बरकरार

**वाशिंगटन,25 जून।** अमेरिकी मीडिया हाउस सीएनएन और न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया है कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के बाद भी उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम तबाह नहीं हुआ है। यह दावा एक सीक्रेट रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। इस रिपोर्ट में ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद हुए नुकसान का अनुमान लगाया गया है। एक सीक्रेट सोर्स ने सीएनएन को बताया कि हमले से ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम सिर्फ कुछ महीनों के लिए ही पीछे हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक्स पर पोस्ट कर इन दावों को खारिज किया है। उन्होंने सीएनएन और एनवायटी की खबरों को फेक न्यूज करार दिया है।

ट्रम्प ने कहा, 'मुझे लगता है कि इजराइल और ईरान के बीच सीजफायर समझौता बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है।' उन्होंने कहा, 'मुझे इजराइल पर गर्व है क्योंकि कल उसने ईरान पर हवाई हमला न करने की मेरी अपील के बाद विमान वापस बुला लिए थे। क्योंकि इससे सीजफायर को खतरा हो सकता था।'

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने से कोसों दूर हो गया है। उन्होंने इसके लिए अमेरिकी हमलों को वजह बताया है। न्यूज मैगजीन पॉलीटिको से बात करते हुए रुबियो ने कहा कि अमेरिकी हमलों में ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को काफी नुकसान पहुंचा है। और अब इसकी पूरी जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

# कश्मीर मुद्दे पर पाक समेत इस्मालिक देशों को फटकार

**नई दिल्ली,25जून।** जम्मू कश्मीर को लेकर झूठ फैलाना और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ गलत नैरेटिव प्रस्तुत करना पाकिस्तान की पुरानी आदत बन चुकी है। वो लगातार ऐसे प्रयास करता रहा है, जिनका उद्देश्य वैश्विक समुदाय को गुमराह करना और भारत की छवि को नुकसान पहुंचाना होता है। तुर्की में हाल ही में इस्लामिक सहयोग संगठन ओआईसी के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पाकिस्तान ने ओआईसी का उपयोग करके कश्मीर मुद्दे को लेकर भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करवाने की कोशिश की। ओआईसी देशों ने भी कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान के पक्ष को दोहराते हुए कहा था कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों के इच्छाओं के अनुरूप कश्मीर के लोगों के लोगों के लिए आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन करते हैं। हालांकि भारत ने पाकिस्तान के साथ साथ ओआईसी को भी जमकर फटकार लगाई। भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि




ओआईसी के पास इस मामले में टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। ओआईसी पाकिस्तान के प्रभाव में आकर कश्मीर को लेकर उसके बारे में अनुचित और तथ्यात्मक रूप से गलत बयान दे रहा है। विदेश मंत्रालय ने एक विस्तृत बयान में कहा कि आतंकवाद को राजकाज में बदल देने वाले पाकिस्तान द्वारा दिए गए ये बयान संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए ओआईसी मंच के निरंतर दुरुपयोग को दर्शाते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के वास्तविक खतरे को स्वीकार करने में ओआईसी बार-बार विफल रहा है जिसका सबसे हालिया सबूत पहलगाम हमले में देखने को मिला, यह तथ्यों के प्रति जानबूझकर की गई उपेक्षा को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय ने कहाआतंकवाद को राजकीय कौशल में तब्दील करने वाले पाकिस्तान के इशारे पर ये बयान संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए ओआईसी मंच के निरंतर दुरुपयोग को दर्शाते हैं।

ओआईसी के पास भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है जिसमें जम्मू और कश्मीर भी शामिल है, जो भारत का अभिन्न और संप्रभु हिस्सा है- एक ऐसा तथ्य जो भारतीय संविधान में निहित है और यह अपरिवर्तनीय है। भारत की यह कड़ी प्रतिक्रिया तुर्किये में ओआईसी के विदेश मंत्री स्तरीय सम्मेलन के बाद आई है, जिसमें भारतीय मुसलमानों को 'सामाजिक रूप से हाशिए' पर धकेलने सहित कई मुद्दों पर नयी दिल्ली की आलोचना की गई।

एक नजर

## धोखाधड़ी:तीन गिरफ्तार



**भिलाई, 25 जून।** भिलाई अंजोरा चौकी क्षेत्र के मकान का सौदा कर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों में पोषण निषाद, प्रीति निषाद, सकुन निषाद शामिल है एक आरोपी हुस्ना बेगम को पहले ही गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है इन तीनों आरोपियों को भी रिमांड पर जेल भेजा गया इस मामले में ग्राम देवादा राजनांदगांव निवासी संतोष कुमार देशमुख की शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया है सौदा करने वाले दूसरे व्यक्ति ने भी किया धोखा पुलिस के मुताबिक संतोष ने उक्त मकान को पहले से सौदा करना बताकर अपने नाम पर पंजीकृत कराने के लिए कहा वसीम खान और उसकी पत्नी हुस्ना बेगम ने इस पर हामी भरी। उसने संतोष से कहा कि पांच लाख एडवांस दिया है, वह पैसा दे देना फिर रजिस्ट्री कर देंगे संतोष ने सहमति जताई और 3 लाख 30 हजार रुपए दे दिया पैसे लेकर भी आरोपियों ने मिलीभगत कर मकान की रजिस्ट्री हुस्ना बेगम के नाम पर कर दिया पोषण निषाद, प्रीति निषाद, सकुन निषाद को पकड़कर पूछताछ की गई तीनों ने अपराध कबूल किया आरोपी वसीन खान फरार है 46 लाख रुपए में किया था मकान का सौदा पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि संतोष की ग्राम अजोरा स्थित भूमि पर बने मकान का सौदा पोषण निषाद, प्रीति निषाद, सकुन निषाद से 46 लाख रुपए में किया था आरोपियों ने 20 लाख रुपए एडवांस लिया था। बाद में आरोपियों ने उसी जमीन का सौदा वसीम खान से 46 लाख 50 हजार में कर लिया उससे पांच लाख रुपए एडवांस ले लिया।

## राष्ट्र निर्माण में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अतुलनीय योगदानः भट्ट



**कवर्धा,25 जून।** कवर्धा वार्ड नम्बर 10 में महान शिक्षा विद, चिंतक भारतीय जनसंघ के सस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट के मुख्य अतिथि में डॉ. मुखर्जी जी के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन पर अर्पित कर मनाया गया और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण नमन किया गया उक्त अवसर पर चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा, रामानुज यादव वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, श्री बिहारी राम धुर्वे सभापति नगर पालिका परिषद कवर्धा, श्री दीपक सिंहा पार्षद वार्ड क्रमांक 9 पन्ना चंद्रवंशी, डॉ. कोमल जायसवाल बूथ अध्यक्ष वार्ड नं. 10, कौशल धुर्वे बूथ अध्यक्ष वार्ड नं. 9 ईश्वरी धुर्वे प्रदेश कार्यसमिति भाजयुमो, शीतल पाण्डेय प्रभारी वार्ड नं. 10, राकेश सिंहा, राकेश कुमार साहू, सहित वार्ड के वरिष्ठ नागरिकगण महिलाएं एवं युवा साथीगण उपस्थित रहें।

## तंबाकू आदि की बिक्री रोकने स्कूल,कालेजों के पास की दुकानों में छापेमारी

**दुर्ग,25 जून।** नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांतर्गत शिक्षण संस्थानों के समीप तंबाकू एवं अन्य प्रतिबंधित नशीली सामग्री विकय रोकने हेतु आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कार्रवाही के लिए टीम गठित की है। बाजार विभाग,अतिक्रमण विभाग,निगम अमला , पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ शहर क्षेत्रांतर्गत शिक्षण संस्थानों (स्कूल, कालेज इत्यादि) के समीप तंबाकू एवं अन्य प्रतिबंधित नशीली सामग्री विकय रोकने कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही किये जाने के निर्देश टीम अमला को दिए है।इसी कड़ी में आज निगम द्वारा कोटपा अधिनियम की कार्यवाही के दौरान सिकोला भाठा शासकीय स्कूल के आस, पास,आर्य तुलाराम स्कूल मोहन नगर के अलावा भगत सिंह स्कूल तितुरडीह मौके पर पहुँचकर दुकानों एवं ठेलों में जांच की कार्रवाही के दौरान बीड़ी, सिगरेट,गुटका सहित तंबाखू को जब्त कर जुर्माना की कार्रवाही किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को दी आर्थिक सहायता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 25 जून।** पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह (आईपीएस) ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के चार होनहार खिलाड़ियों हिमेश दास मानिकपुरी, कृष सिन्हा, भावेश चंद्रवंशी एवं लक्ष्य लांझी को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए सम्मानित करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। ये सभी खिलाड़ी उत्तरप्रदेश के गढ़मुक्तेश्वर में 27 जून से 01 जुलाई 2025 तक आयोजित 33वीं जूनियर बेसबॉल राष्ट्रीय स्तरीय बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन बेसबॉल एमेच्योर फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, डीएसपी सिद्धार्थ सिंह , एएसआई रामाधार यादव, कोच राजा जोशी सहित खिलाड़ीगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह (आईपीएस) ने कहा कि जिले के होनहार खिलाड़ी हमारी असली पहचान और भविष्य की अमूल्य धरोहर हैं। कबीरधाम पुलिस न केवल कानून व्यवस्था के प्रति उत्तरदायी है, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी सदैव अग्रसर है। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और उन्हें आवश्यक संसाधनों, मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। हमारी कोशिश है कि जिले के प्रत्येक प्रतिभाशाली खिलाड़ी को ऐसा मंच मिलेए जहाँ से वह न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता की उड़ान भर सके। कबीरधाम पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक युवा खेलों की ओर प्रेरित हों और जिले के साथ.साथ छत्तीसगढ़ राज्य को भी गौरवान्वित करें। पुलिस प्रशासन भविष्य में भी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु हरसंभव प्रयास करता रहेगा। खिलाड़ी हिमेश दास मानिकपुरी, कृष सिन्हा, भावेश चंद्रवंशी एवं लक्ष्य लांझी ने पुलिस अधीक्षक श्री सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपके इस सहयोग से हमारा आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ा है। हम अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोच राजा जोशी ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालक व बालिका दोनों वर्ग की टीमें भाग लेंगी।

# कारोबारी पर जानलेवा हमला कर फरार 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 25 जून।** भिलाई महादेव सट्टा से जुड़े सटोरी दीपक नेपाली ने अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध वसूली करते हुए कारोबारी के साथ जानलेवा हमला मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को वैशालीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है इस मामले में फरार आरोपी दीपक नेपाली की संपत्ति की कुर्की की जाएगी एक आरोपी पहले ही जेल जा चुका है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि प्रार्थिया स्नेहा चौबे पति प्रदीप चौबे (35 साल ) निवासी कैम्प 18 नंबर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 मई का रात प्रार्थिया और उनके पति प्रदीप चौबे घर पर थे आसपास शुभम यादव प्रार्थिया के पति को फोन कर घर के सामने बुलाया और पैसे की लेन देन की बात को लेकर पति प्रदीप चौबे को गालियां देने लगा। शुभम यादव के साथ दीपक नेपाली और राजा थे। इन्होंने मिलकर प्रार्थिया के पति प्रदीप चौबे को हाथ मुक्का लात से मारे और शुभम यादव ने प्रार्थिया के पति को जान से मारने की नीयत से गले को जोर से दबा रहा था और सिर को जोर जोर से दीवार में मार रहा था। प्रार्थिया बीच बचाव में आई। आरोप है कि इन तीनों को राम प्यारे (शुभम यादव का चाचा) ने भेजा था। तीनों ही घर के सामने खड़े थे जो पुलिस को देखकर भाग गये। रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में धारा 296, 115(2) 351(3), 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान 22 मई को आरोपी शुभम यादव को घर से घेराबंदी कर को गिरफ्तार किया था शेष फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी कि आरोपी रोशन सिंह उर्फ राजा (29 साल ) निवासी कैम्प 1 और राम प्यारे यादव (39 साल ) निवासी कैम्प-1 को गिरफ्तार किया है इस प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी दीपक नेपाली की चल-अचल सम्पति को कुर्की की कार्रवाई की जा रही है आरोपी दीपक नेपाली दुर्ग जिले का बदमाश है उसके खिलाफ अवैध वसूली, हत्या का प्रयास, मारपीट जैसे कई अलग-अलग मामले दर्ज हैं

## हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर निगम के पक्ष में फैसला सुनाया

**भिलाई, 25 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई में बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं करने या स्व-विवरणी की जानकारी गलत भरने पर निगम द्वारा करदाता से 5 गुणा अतिरिक्त पेनाल्टी शुल्क लिए जाने का प्रावधान है। नोटिस जारी करने के बाद एक मामला सामने आया है, जिसमें भिलाई के एक व्यक्ति ने निगम के 5 गुणा पेनाल्टी शुल्क के खिलाफ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका क्रमांक 2873 के तहत याचिका दायर किया था। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा ने 13.06.2025 को याचिका को खारिज करते हुए निगम के पक्ष में फैसला सुनाया। करदाता द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं करने या स्व-विवरणी की जानकारी गलत भरने पर निगम द्वारा करदाता से 5 गुणा अतिरिक्त पेनाल्टी शुल्क वसूल किया जाना नगर निगम अधिनियम में उल्लेखित है।



## हेलमेट पहनकर ही दुपहिया वाहन चलाएं : तिवारी

**कवर्धा, 25 जून।** कबीरधाम जिले में युवाओं में हेलमेट के प्रति जागरूकता आए इसलिए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस विभाग अधिकारी अजयकांत तिवारी लगातार हेलमेट जागरूकता का संदेश दे रहे है और कार चलाने वाले को शीट बेल्ट लगाकर चलाने की सलाह भी देते हुए दिखते है । युवाओं को उन्होंने कहा की हेलमेट पहनना आपकी जिम्मेदारी है और आपका सुरक्षा कवच है साथ ही गाड़ी भी ज्यादा तेज गति से ना चलाए और सामान्य गति में ही वाहन चलाए ।



## बीएसपी के अग्निशमन विभाग में शामिल हुए 6 नवीन फोम टेंडर

**भिलाई, 25 जून।** सेल. भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन बेड़े में 6 नवीन फोम टेंडर औपचारिक रूप से सम्मिलित किए गए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने विधिवत पूजा.अर्चना कर इन अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों को मंगलवार को अग्निशमन विभाग को समर्पित किया। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहराए मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांतए मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथीए एमएमआईपीएम एवं पीपी एंड ई विभाग के वरिष्ठ अधिकारीए अग्निशमन विभाग के अधिकारीगण तथा अग्निशमन दल के सदस्यगण उपस्थित थे। परियोजना की रूपरेखा एवं कार्यान्वयन में भिलाई अग्निशमन सेवा के प्रोजेक्ट ओनरए मुख्य अग्निशमन अधिकारी बीण् केण् महापात्र तथा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय धवस की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# आयुक्त ने विकास कार्यों की गुणवत्ता के लिए एजेंसी को दी हिदायत



**भिलाई, 25 जून।** वैशाली नगर वार्ड-24 हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ रहवासी क्षेत्र में सिवरेज लाईन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे बरसात एवं घरों से निकलने वाले पानी की निकासी आसानी से हो सके। इस कार्य का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। आयुक्त ने निर्माण कार्य समय सीमा एवं कार्य की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए उपस्थित उपअभियंता एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को निर्देशित किया । निगम क्षेत्र अंतर्गत संचालित ऑटो टिप्पर से डोर-टू-डोर घरों, बाजारों, दुकानों से कचरा कलेक्शन का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था में सुधार लाने सभी ऑटो टिप्पर में बोरी के जगह अलग से एक ब्लाक बनाने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये। गोकुल नगर क्षेत्र में अव्यवस्थित बिखरे गोबर के सही उपयोग हेतु बायो गैस प्लांट की स्थापना किये जाने के संबंध में आयुक्त पाण्डेय, समाजसेवी गौ सेवक शिशिर तमोटिया एवं जोन आयुक्त के साथ निरीक्षण किये। तमोटिया ने बताया कि वे यह प्लांट स्वयं के व्यय से स्थापित कर संचालित करने के लिए इच्छुक हैं, इसको लगाने से शहरवासियों को बहुत सारे फायदे होगें। यह बायो गैस पाइप नेचुरल गैस (पी.एन.जी.) है, यह घरेलू एल.पी.जी. ईंधन से हल्की होती है, जिसका हीट वैल्यू 6000 किलो कैलोरी/केजी होती है। इसके उपयोग से किसी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना नहीं होती है और स्वास्थ्य के अनुकूल है। जबकि एल.पी.जी. गैस वजन में अधिक होती है, जिसका हीट वैल्यू 13000 किलो कैलोरी/केजी होती है। इसके उपयोग से दुर्घटना होने की संभावना अधिक रहती है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। गोकुल नगर में गौ पालन हेतु भूमि आवंटन किया गया था, जिसकी राशि आवंटित द्वारा अब तक निगम कोष में जमा नहीं किया गया है। उन्हे राशि जमा करने नोटिस भी जारी किया गया है। आवंटित भूमि की राशि जमा नहीं करने पर निगम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आबंटितो की होगी। भ्रमण के समय गौ पलकों से इस संबंध में चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# टाउनशिप के घरों की छत मरम्मत में एपीपी तकनीक ज्यादा प्रभावशाली साबित हो रही



**भिलाई, 25 जून।** बरसात के मौसम में भिलाई टाउनशिप के कई मकानों की छतों से सीपेज आना एक सामान्य समस्या रही है। पहले इन छतों की मरम्मत के लिए टार फेल्टिंग प्रक्रिया का उपयोग किया जाता था, लेकिन यह तकनीक प्रभावी साबित नहीं हो रही हैं। अब इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा अब टाउनशिप में छतों की मरम्मत के लिए एटैक्टिक पॉलीप्रोपाइलीन (एपीपी) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। एपीपी तकनीक एक उच्च गुणवत्ता वाली सीलिंग प्रक्रिया है, जिसमें विशेष रूप से विकसित पॉलीप्रोपाइलीन सामग्री का उपयोग कर छतों की वॉटरप्रूफिंग की जाती है। यह तकनीक न केवल टार फेल्टिंग की तुलना में अधिक प्रभावशाली है, बल्कि लंबे समय तक चलने वाली और स्थायित्व भी देती है। विशेषज्ञों के अनुसार, एपीपी तकनीक बरसात के मौसम में रिसाव की समस्या को पूरी तरह समाप्त कर सकने में सक्षम है और रखरखाव की आवश्यकता को न्यूनतम कर देती है।

# संगीत प्रतियोगिता में 126 प्रतिभागियों ने प्रतिभा का परिचय दिया



**भिलाई, 25 जून।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतर्विभागीय संगीत प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को महात्मा गांधी कला मंदिरए सिविक सेंटर में हुआ। उद्घाटन समारोह में महाप्रबंधक ,जनसंपर्क प्रशान्त तिवारी, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद तथा उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर कुल 126 पुरुष प्रतिभागियों ने हिंदी गायन में अपनी स्वर प्रतिभा का परिचय दिया। गायन प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में संगीत जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व सपन भट्टाचार्य, श्रीमती स्वाति पेंढारकर एवं श्रीमती सोनाली चक्रवर्ती उपस्थित रहे। जबकि मुख्य निर्णायक की भूमिका वरिष्ठ संगीताचार्य कीर्ति व्यास ने निभाई। मुख्य अतिथि प्रशान्त तिवारी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि संगीत में वह शक्ति है जो कार्य की थकान और मानसिक तनाव को दूर करने में सहायक होती है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन विगत 20 वर्षों से निरंतर हो रहा है और यह भिलाई इस्पात संयंत्र की एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। अपने वक्तव्य के अंत में उन्होंने अंतर्विभागीय संगीत प्रतियोगिता की औपचारिक रूप से घोषणा की।

# शासकीय स्कूलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं आगे बढ़ने करेंगे हर संभव सहयोग:रिकेश



**भिलाई, 25 जून।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर में नवप्रवेशित बालिकाओं को तिलक लगा विधायक रिकेश सेन ने पाठ्य-पुस्तक का वितरण किया। मुख्य अतिथि सेन ने कहा कि सभी शासकीय स्कूलों को लगातार डेवलप कर शिक्षण के उपयुक्त संसाधन मुहैया कराना प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता है नतीजतन हर स्कूल कैंपस को बेहतर बनाते हुए प्रैक्टिकल लैब, लाइब्रेरी सहित लगातार शिक्षा व्यवस्था को उन्नत बनाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। थोड़े से प्रोत्साहन और टीचर्स के उचित मार्गदर्शन में यही बच्चे अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम रौशन करने प्रयत्नशील दिखाई पड़ते हैं। इसलिए इनको आगे बढ़ाने में किसी भी तरह का अभाव या अड़चन न हो, यही विधायक के रूप में उनका पहला प्रयास रहा है। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में वो सभी नित नये आयाम गढ़ते हुए अपने बेहतर जीवन की आधारशिला अवश्य मजबूत करें। विधायक ने नव प्रवेशित बालिकाओं को तिलक लगा पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। इस दौरान छात्राओं का मुंह मीठा कराने के बाद विधायक ने शाला की होनहार पूर्व छात्रा ट्विंकल शर्मा को 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती संगीता बघेल, एसएमडीसी मेंम्बर्स, स्कूल के शिक्षक गण, वार्ड पार्षद सहित बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्राएं मौजूद रहीं।

## अश्लील वीडियो वायरल,2 गिरफ्तार

**भिलाई, 25 जून।** भिलाई पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर फेस बुक एवं इंस्टाग्राम में अपलोड कर वायरल करने वाले दो आरोपियों को नंदिनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया ने नंदिनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपियों ने पीड़िता की अश्लील वीडियो बनाकर फेस बुक एवं इंस्टाग्राम में अपलोड कर वायरल करने की धमकी दी। लिखित आवेदन पर थाना नंदिनी नगर में धारा 67 आईटी एक्ट कायम किया। विवेचना के दौरान आरोपी केतू ठाकुर (31 साल) और सोनू ठाकुर (30 साल ) निवासी ग्राम बागडूमर को गिरफ्तार किया है ।

# वीरांगना रानी दुर्गावती का शहादत दिवस नगर के खेल मैदान में मनाया गया

### कलश यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया और रानी दुर्गावती की प्रतिमा की पूजा की



**छुरा, 25 जून।** वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस के मौके पर छुरा नगर स्थित उन्मुक्त खेल मैदान में मंगलवार को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या मे आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे, रानी दुर्गावती के शहादत दिवस के अवसर पर सबसे पहले आदिवासी समाज के लोगो के द्वारा उन्मुक्त खेल मैदान से विशाल कलश यात्रा निकली जो नगर भ्रमण करते हुए बस स्टैंड चौक पर स्थित रानी दुर्गावती क़ी प्रतिमा क़ी विशेष पूजा अर्चना के पश्चात् कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची कार्यक्रम मे अतिथियों के रूप मे अखिल भारतीय आदिवासी समाज के संरक्षक मानसिंग दिवान, अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह विशेष आमंत्रित सदस्य यशपेंद्र शाह,प्रांताध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज व प्रमुख सलाहकार पन्नालाल ध्रुव, गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके,गरियाबंद जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी जे. आर. मरकाम, अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला संयोजक नर्सिंग ध्रुव, अध्यक्ष अ. भा.आ. विकास परिषद उम्मेदी कोर्राम,महासचिव अखिल भारतीय गोडवाना गोड़ महासभा लोकेन्द्र कोमर्रा,संरक्षक आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद,महेंद्र नेताम, सर्व आदिवासी समाज प्रदेश कार्यकारिणी नीलकंठ ठाकुर,अध्यक्ष पेशा ग्राम सभा यशवंत सोरी,उपस्थित थे, सबसे पहले अतिथियों के द्वारा रानी दुर्गावती के छायाचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया गया आदिवासी समाज द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान पीला चावल के साथ पगड़ी बांधकर किया गया ।

# पीएम सूर्य घर बिजली योजना से विद्युत बिल को किया जा सकता है आधा:आयुक्त



**भिलाई, 25 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया किस प्रकार से हम सब अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। सोलर पैनल के माध्यम से घरों में आने वाले प्रतिमाह बिजली बिल को हाफ किया जा सकता है। इसके लिए सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान किया जा रहा है। जैसे 1 किलो वाट में केन्द्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार एवं 2 किलो वाट में केन्द्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार तथा 3 किलो वाट में केंद्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार तक का सब्सिडी दिया जाता है। निगम के अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने घर पर सोलर पैनल लगवाया है, पहले प्रतिमाह उनके घर का बिजली बिल 4 हजार तक आता था, अब सोलर पैनल लगाने पर 2 हजार से भी कम आ रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह शासन की बहुत महत्वाकांक्षी योजना है, सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने घर में लगाकर इसकी शुरुआत करनी चाहिए। भिलाई निगम का भी प्रयास होगा कि शासकीय कार्यालयों में भी सोलर पैनल लगवाकर बिजली बिल में कमी की जावे। निगम भिलाई के निवासियों, जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद, हाउसिंग सोसायटी, कालोनियों आदि में जाकर इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जावे। जिससे शासन के इस प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले सकें।

# महापौर और निगम आयुक्त ने किया इंदौर के स्वच्छता नवाचारों का अध्ययन

■ राज्य शहरी विकास अभिकरण का इंदौर में चार दिवसीय अध्ययन सह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर, 25 जून।** नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप, अधीक्षण यंत्री यूके धलेंद्र, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट प्रमित चोपड़ा इंदौर में अध्ययन सह भ्रमण कार्यक्रम में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ की संपूर्ण स्वच्छता की मुहिम को बल देने के उद्देश्य से राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा इंदौर नगर निगम में यह दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम से प्राप्त अनुभव से प्रतिभागी छत्तीसगढ़ के शहरों में नवाचार एवं सतत शहरी विकास को नई दिशा दे सकेंगे। प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के महापौर, आयुक्त एवं संबंधित अधिकारियों के लिए दो चरणों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**देखा इंदौर का इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर**-महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने इंदौर में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन का सख्ती से क्रियान्वयन और कठोर जुर्माने की व्यवस्था की तारीफ की। महापौर और निगम आयुक्त ने आईसीटी बेस्ड मॉनिटरिंग और एनजीओ के माध्यम से की जाने वाली इंदौर की घर-घर कचरा संग्रहण प्रणाली देखी। उन्होंने कचरा पृथक्करण के लिए अपनाए जाने वाले स्वच्छता मॉडल के अलावा शिकायत निवारण एप, जीपीएस-ट्रैक्ड कचरा गाड़ी, वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन और जोन आधारित घर-घर कचरा एकत्रण प्रणाली का निरीक्षण भी किया। उन्होंने स्वच्छता मित्रों और आम नागरिकों से संवाद कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में जनभागीदारी को समझा।



इंदौर के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) जाकर वहां की कार्यप्रणाली को भी समझा। साथ ही 311 शिकायत निवारण एप का अवलोकन कर रियल-टाइम शिकायत निवारण प्रणाली के बारे में जाना। उन्होंने ट्रांसफर स्टेशन, आरआरआर (रिड्यूस-रीयूज-रीसाइकल) सेंटर, बायोगैस प्लांट एवं मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) का दौरा कर इंदौर की विकेन्द्रित और कुशल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को समझा। साथ ही इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव से भेंट कर स्वच्छता में जनसहभागिता और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका, ग्रीन बॉन्ड एवं यूज़र चार्जेस जैसे शहरी वित्त के अभिनव मॉडलों पर चर्चा की।

## एक नजर

### वीरांगना रानी दुर्गावती के पराक्रम, दृढ़ संकल्प और मातृभूमि के प्रति समर्पण को को किया कोटि-कोटि नमन



**बलौदाबाजार, 25 जून।** रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम टंक राम वर्मा राजस्व मंत्री सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता साथियों की उपस्थिति रही। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान का प्रकाशपुंज है जो आने वाली पीढ़ियों का राष्ट्रसेवा हेतु मार्ग प्रशस्त करता रहेगा।

### आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 25 जून।** प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्तियों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत स्वीकृति प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार के सदस्यों में बुगाला बाई मिरी पति स्व राजकुमार मिरी निवासी ग्राम कंजी तहसील बलौदाबाजार एवं पार्वती ध्रुव पति स्व आनंद राम ध्रुव निवासी ग्राम धंवई तहसील बलौदाबाजार शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### जिले में अब तक 64.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 25 जून।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून 2025 से अब तक 64.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक वर्षा टुण्डरा तहसील में 103 मिलीमीटर हुई है। तहसील लवन 82.1, सिमगा 76, भाटापारा 64, कसडोल 62.8, पलारी 55.4, सुहेला 52.7, सोनाखान 50 एवं बलौदाबाजार में 36.5 मिलीमीटर सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 582.5 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 64.7 मिमी है। 24 जून 2025 को 181.2 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 20.1 मीमी है। जिले के तहसीलवार में टुण्डरा 41, कसडोल 40, सिमगा 24, सोनाखान 23, लवन 21.5,सुहेला 10.1, बलौदाबाजार 10, पलारी 8.6 एवं भाटापारा 3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### नाश्ता सेंटर में गांजा व शराब बेचने वाले की दुकान पर चला बुलडोजर

**रायपुर, 25 जून।** पिछले दिनों राजधानी के थाना उरला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंद्री में एक व्यक्ति द्वारा नाश्ता सेंटर की आड़ में अवैध रूप से गांजा और शराब रख कर बेचने की सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी युवराज निषाद पिता मैकू निषाद उम्र 19 वर्ष निवासी बेंद्री थाना उरला के कब्जे से अवैध रूप से 21 पुड़िया (65 ग्राम) गांजा एवं 50 पव्वा अंग्रेजी शराब गोवा रखे पाए जाने से धारा 20( ए )एनडीपीएस एवं 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। अब इस मामले में आरोपी द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकान बनाने उसके दुकान को थाना उरला पुलिस एवं जिला प्रशासन के टीम द्वारा बुलडोजर चलवा कर अतिक्रमण हटाया गया है।

### घर से नकदी व साढ़े 6 लाख पार

**रायपुर, 25 जून।** ग्राम कोरासी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 6 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुशीला देवांगन 45 वर्ष ग्राम कोरासी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नगदी 6 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान चोरी

**रायपुर, 25 जून।** आरडीए कालोनी गोकुल नगर स्थित सूने मकान से नकदी सहित हजारों रुपए के घरेलू सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ललिता साहू 35 वर्ष आरडीए कालोनी गोकुल नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 51 हजार रुपए सहित घरेलू सामान पार कर दिया।

#### यूपी के वाराणसी में हुई परिषद की 25 वीं बैठक

# छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मध्य क्षेत्रीय परिषद बना सार्थक मंचः साय

**रायपुर, 24 जून।** उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह परिषद केन्द्र और राज्यों के बीच सहयोग और समन्वय का सशक्त मंच बन चुकी है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विकास को नई दिशा मिली है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में मध्य क्षेत्रीय परिषद ने ठोस योगदान दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य की अर्थव्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, सांस्कृतिक पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास में परिषद की भूमिका निर्णायक रही है।




**नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक बढ़त, बस्तर में विकास का नया युग**-मुख्यमंत्री साय ने नक्सल समस्या पर बोलते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध बड़ी सफलता मिली है। बसवराजू और सुधाकर जैसे शीर्ष नक्सली नेताओं के न्यूट्रलाइज होने को उन्होंने नक्सलवाद की रीढ़ टूटने जैसा करार दिया। उन्होंने बताया कि बस्तर के विकास के लिए बोधघाट-महानदी इंद्रावती लिंक जैसी कई हजार करोड़ की परियोजनाओं पर भी हम काम कर रहे हैं। रावघाट-जगदलपुर रेललाइन परियोजना को मिली मंजूरी भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**विकास और सुशासन की दिशा में ठोस कार्य**-मुख्यमंत्री ने परिषद को अवगत कराया कि पिछली बैठक में दिए गए सुझावों पर तेजी से अमल हुआ है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 28 नई बैंक शाखाएं, डॉयल-112 सेवा का विस्तार, 82 हजार से अधिक बच्चों को कुपोषण से बाहर निकालना जैसी उपलब्धियाँ राज्य के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों ने स्थानीय खेल और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच दिया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 87.2 प्रतिशत नागरिकों को कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, और 1075 में से 1033 शासकीय अस्पताल इससे जोड़े जा चुके हैं।

**ऊर्जा, निवेश और औद्योगिक विकास में राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर छत्तीसगढ़**-मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद राज्य को अब तक 5.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें 3.5 लाख करोड़ पावर सेक्टर से हैं। छत्तीसगढ़ देश में विद्युत उत्पादन में दूसरे स्थान पर है और 2030 तक प्रथम स्थान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 23 घंटे 27 मिनट और शहरी क्षेत्रों में 23 घंटे 51 मिनट की औसत विद्युत आपूर्ति राज्य के ऊर्जा प्रबंधन की दक्षता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 6 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है।

## शराब तस्कर,गांजा की बिक्री करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 25 जून।** पुलिस अधीक्षक जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी वाय. पी. सिंह (भा. पु. से), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय पिताम्बर पटेल, पुलिस अनविभागी अधिकारी अंबागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री/ परिवहन करने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वालों के विरुद्ध धर पकड़ कार्यवाही की कड़ी मे अंबागढ़ चौकी प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को मुखबिर से सूचना से अं0चौकी की ओर से चिल्हाटी की ओर एक व्यक्ति स्कूटी जुपीटर बैगनी रंग क्रमांक छ्त्त08क्र8994 से थैला में अवैध रूप से शराब परिवहन कर ले जा रहा था जो बारिश होने की वजह से दंतेश्वरी मंदिर के सामने दुकान के पास खडा है कि मुखबिर के बताये स्थान पर हमराह स्टाप आर. 453 सुरेश घृतलहरे के शासकीय वाहन से मय विवेचना कीट के रवाना होकर मुखबिर के बताये में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जहां आरोपी दुकान के सामने आरोपी विजय कुमार पटवा पिता पन्ना लाल पटवा उम्र 32 साल निवासी ग्राम चिल्हाटी थाना चिल्हाटी के कब्जे से एक थैला में अवैध रूप से शराब 130 पौवा गोवा विस्की स्पेशल प्रत्येक में 180 एम एल भरी हुई जुमला शराब 23.400 बल्क लीटर किमती 15600/- रूपये कुल 75600/-रूपये को जप्त किया गया।

## वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता-शौर्य और पराक्रम भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 25 जून।** आदिवासी धुर्वे गोड़ समाज शिकारीमाहका द्वारा आयोजित वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्रशेखर मंडलोई (अध्यक्ष मुडादार परिक्षेत्र)ने की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा शामिल हुए। सर्वप्रथम रानी दुर्गावती जी के चैल चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही सभी अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती अपने नाम के अनुरूप मां दुर्गा के समान वीर और पराक्रम की प्रतिमूर्ति थीं। आज उनका बलिदान दिवस है। रानी दुर्गावती का जन्म लगभग 500 वर्ष पहले हुआ था। अमेरिका सहित पश्चिम के देशों को सामान्य तौर पर संस्कृति में अग्रणी माना जाता है, लेकिन भारत का गौरवशाली अतीत रहा है।

## महाप्रभु की रथयात्रा 27 को शहर में होंगे विविध आयोजन

**रायपुर, 25 जून।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा का आयोजन किया गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ बीमारी से उठने के उपरांत आज ही दिन भक्तों को दर्शन देते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार एक बुजुर्ग भक्त बीमार था वह तुरंत ठीक होना चाहता था किंतु भगवान द्वारा विधिविधान का हवाला दिया गया फिर भी भक्त जल्द ठीक होने के लिए जिद करता रहा अंततः भगवान जगन्नाथ ने विधि के विधान का सम्मान करते हुए भक्त को ठीक कर उसकी बीमारी को स्वयं ग्रहण किया इसलिए तृतीया तिथि से 15 दिन पूर्व महाप्रभु बीमार हो जाते है उन्हें जड़ी बूटियों का काढ़ा पिलाकर स्वस्थ किया जाता है। ज्ञातव्य है कि छग के अति प्राचीन जगन्नाथ मंदिर जो की टूरी हटरी पुरानी बस्ती में स्थित है वहां पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से गाजे बाजे के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाल भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाता है । वहीं सदर बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी रथयात्रा के दिन विधिविधान से पूजन किया जाता है। पुजारी बाड़ा में भी भगवान जगन्नाथ का पूजन भक्तों के मध्य भक्तिभाव के साथ संपन्न किया जाता है। राजधानी का बड़ा आयोजन गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ प्रभु मंदिर में आयोजित किया जाता है।

## अतिवृष्टि के कारण सड़क व पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर शीघ्र मरम्मत का कलेक्टर ने दिया निर्देश

■ कलेक्टर ने की विभागीय कार्यो की समीक्षा




**बलौदाबाजार, 25 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने वर्षा ऋतु में अतिवृष्टि के कारण अचानक सड़क या पुल -पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने की स्थिति में मरम्मत हेतु शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सोनी ने कहा कि अतिवर्षा के कारण जलभराव, सड़क कटाव तथा पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर तत्काल तहसीलदार व एसडीएम को सूचित करें। अत्यधिक बारिश के कारण यदि स्कूल आने- जाने वाले मार्ग में कही पर जल भराव की स्थिति निर्मित होती है तो स्कूल संचालन बंद किया जा सकता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक तथा बीआरसी बारिश के दिनों में सतर्क रहे और स्थिति का आकलन करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो को जर्ज़र सड़कों के मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बारिश के मौसम में वृहद वृक्षारोपण की समीक्षा करते हुए विभागीय लक्ष्य अनुसार ब्लॉक कार्यालय परिस्सर में वृक्षारोपण करने तथा ब्लॉक प्लांटेशन के तहत वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग को पर्याप्त संख्या में पौधे उयलब्ध कराने के निर्देश दिये।

# इंदिरा गांधी ने कुर्सी बचाने संविधान कुचला, लोकतंत्र को तानाशाही में बदला: मधुसूदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 25 जून।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में दर्ज सबसे काले अध्याय,आपातकाल की 50वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और इंदिरा गांधी के उस निर्णय की कड़ी आलोचना की है, जिसे लोकतंत्र की हत्या और संविधान की आत्मा कुचलने वाला बताया गया। भारतीय जनता पार्टी मोहला मानपुर चौकी के द्वारा मंगलवार को अम्बागढ़ चौकी पीडब्ल्यूडी में आयोजित एक विस्तृत प्रेसवार्ता में राजनांदगांव नगर निगम के महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 25 जून 1975 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सिर्फ आपातकाल नहीं लागू किया था, बल्कि पूरे संविधान और लोकतंत्र को रौंदने का काम किया था। यह कोई युद्धकालीन आवश्यकता नहीं, बल्कि उनकी कुर्सी बचाने की बौखलाहट थी। वही यादव ने कहा कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी को निर्वाचित चुनाव में दोषी ठहराते हुए अयोग्य करार दिया, जिससे घबराकर उन्होंने 25 जून को देश पर आपातकाल लोगो पर थोप दिया। यह फैसला ना तो देशहित में था और ना ही किसी आपदा की मांग थी। यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री द्वारा लोकतंत्र की नींव को हिलाने का षड्यंत्र था। वही संविधान की आत्मा को रौंदा गया और न्यायपालिका की स्वतंत्रता छीनी गई। श्री यादव ने आरोप लगाया कि इंदिरा गांधी ने 39वें और 42वें संविधान संशोधनों के माध्यम से संविधान की मूल आत्मा पर आघात किया। प्रधानमंत्री और शीर्ष पदों को न्यायिक समीक्षा से बाहर कर देना तानाशाही मानसिकता का परिचायक था।न्यायपालिका की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और प्रेस की आज़ादी सभी पर एकसाथ हमला हुआ। वही श्री यादव ने कहा कि जो लोग आज संविधान बचाओ का नारा दे रहे हैं, वही इतिहास में संविधान को सबसे ज़्यादा रौंदने वाले हैं। आपातकाल के दौरान संजय गांधी जैसे गैर-संवैधानिक व्यक्ति नीतियां बनाने लगे। वही एमआईएसए जैसे काले कानून के तहत एक लाख से अधिक लोगों को बिना मुकदमे के जेलों में ठूंसा गया। जिनमें जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे राष्ट्रपुरुष शामिल थे।




## समाचार संक्षेप



### ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव नवागांव सांकरा में मनाया गया

**नगरी, 25 जून।** विकासखंड अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन पीएम स्कूल प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला नवागांव सांकरा में आज दिनांक 24 जून 2025 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण सार्वाजी अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी,अध्यक्षता महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी,विशिष्ट अतिथि श्रीमती पिंकी शिवराज शाह पूर्व विधायक विधानसभा सिहावा, श्रवण मरकाम पूर्व विधायक विधानसभा सिहावा , बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी , हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी ,जनपद सदस्य श्रीमती प्रेमलता नागवंशी,राजेश नाथ गोसाई,नगर पंचायत नगरी के समस्त पार्षद गण, सरपंच श्रीमती नगीना सोम, उपसरपंच कमलेश मरकाम व समस्त वार्ड पंच ग्राम पंचायत नवागांव सांकरा, शाला प्रबन्धन एवं विकास समितिअध्यक्ष प्राथमिक शाला तुलसी राम कश्यप व माध्यमिक शाला अध्यक्ष श्रीमती निमेश्वरी पुजारी पी एम स्कूल नवागांव सांकरा रहे। कार्यक्रम मे माता सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद शाला के बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इसके पश्चात विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नगरी कलीराम साहू द्वारा कार्यक्रम से सम्बंधित शिक्षा विभाग के योजनाओं को अतिथियों के समक्ष रखते हुए प्रतिवेदन वाचन किया गया ।इसके बाद जनपद सदस्य, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा पालकों के साथ शिक्षकों को भी ग्रामीण बच्चों को शिक्षा जैसे मुलभूत सुविधा को गुणवत्ता पूर्वक सभी ग्राम के बच्चों तक पहुचाने का आह्वान किया गया।

### वन अमले पर जानलेवा हमला घोर निंदनीयः हारुन मानिकपुरी

**छूरिया, 25 जून।** बालोद वन मंडल अंतर्गत डौंडीलोहारा वन परिक्षेत्र में भू-जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण करने गए वन अमले पर रिजर्व फारेस्ट एरिया में अतिक्रमणकारियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में वन विभाग के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी के साथ साथ वन कर्मचारियों,सुरक्षा श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता खड़ी हो गई है। इस घटनाक्रम की मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आने के बाद श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि वन कर्मचारी हमेशा से जान जोखिम में डालकर वन एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भीषण गर्मी में वनों को आग से बचाते हैं। वहीं दूसरी ओर अतिक्रमणकारियों द्वारा वन भूमि को कब्जा कर लेते हैं, वहीं आज कल अवैध खनन करने वाले लोग भी दादागिरी करने से बाज नहीं आते। जिससे वन कर्मचारीयों में भय का वातावरण निर्मित हो जाता है।श्री मानिकपुरी ने वन मंडल अधिकारी बालोद एवं पुलिस अधीक्षक बालोद से वन अधिनियम एवं जानलेवा हमला करने वाले अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं 10,000 का अर्थदंड

**बलौदाबाजार, 25 जून।** मृतक चिंतामणी वर्मा अपने परिवार सहित ग्राम रिसदा में निवास करता था, जिसमें उसका आरोपी पुत्र जितेन्द्र वर्मा के ऊपर बहुत कर्ज आ गया था। आरोपी पुत्र द्वारा अपने कर्ज की भरपाई करने हेतु अपने पिता को न्यूवोको सीमेंट संयंत्र के सामने रोड किनारे की जमीन को बेचकर कर्ज चुकाने के लिए रुपए पैसों की मांग करता था, जिस पर हमेशा से आरोपी जितेंद्र वर्मा एवं मृतक पिता चिंतामणि वर्मा के मध्य लड़ाई झगड़ा हुआ करता था। इसी बात को लेकर दिनांक 15.03.2024 को आरोपी द्वारा मृतक से लड़ाई झगड़ा करते हुए घर बाडी में धारदार टाइल्स पत्थर से मारपीट कर अपने पिता चिंतामणि वर्मा की हत्या कर दिया गया। कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 186/2024 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी जितेंद्र वर्मा को तत्काल गिरफ्तार करते हुए उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर, चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। माननीय न्यायालय, सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार श्री अब्दुल जाहिद कुरैशी ने प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपी द्वारा किया गया, अपराध सिद्ध होना पाया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी जितेंद्र वर्मा को भादवि की धारा 302 में आजीवन कारावास एवं ?10,000 अर्थदंड की सजा आदेशित किया गया है। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना, आरोपी की गिरफ्तारी एवं जांच कार्यवाही निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा किया गया है।



### मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भाटापारा, 25 जून।** प्रार्थीया गंगा बाई द्वारा पुलिस सहायता केंद्र निपनिया में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 27.06.2024 को ग्राम कोनी में 07-08 दिन पहले खेत व घर का मिट्टी पटिन का काम करने आए जिला मुंगेली निवासी आरोपियों को प्रार्थिया के पति सनत कुमार द्वारा ग्राम के चौक में पास दो-तीन ट्रिप मुरूम डालने के लिए बोला गया। इस बात पर आरोपी राहुल अपने 03 अन्य साथियों के साथ एक राय होकर प्रार्थीया के पति सनत कुमार के साथ लाठी, डंडा, पत्थर एवं हाथ मुक्का से मारपीट कर दिया गया। बीच-बचाव करने पर प्रार्थिया और उसकी सास के सांथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट किया गया है। प्रार्थी के पति सनत कुमार को गंभीर चोट आया है, जिसे रात्रि में जिला अस्पताल बलौदाबाजार के बाद समुचित उपचार हेतु एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया। कि रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्र. 307/2024 धारा 307,506,294,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त रिपोर्ट पर सहायता केंद्र निपनिया पुलिस द्वारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करते हुए उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर, चालान माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। ॉ

### अवैध महुआ शराब बेचने वाले कोचिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भाटापारा, 25 जून।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ÷समाधान सेल÷ प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷ हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 23.06.2025 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम राजादेवरी में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## संपादकीय

### आम आदमी पार्टी को संजीवनी मिली

राजनीति में कोई भी चुनाव जीतने से राजनीतिक दलों को मजबूती मिलती है यदि राजनीतिक दल ने पिछला चुनाव हारा है तो जीत से उसे ताकत मिलती है,संजीवनी मिलती है। 4 राज्यों के पांच विधानसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी को गुजरात में एक सीट व पंजाब में एक सीट में जीत मिली है। आम आदमी पार्टी अपना पिछला दिल्ली चुनाव हार गई थी, इससे उसे बहुत बड़ा झटका लगा था क्योंकि दिल्ली में उसको भरोसा था कि वहां से वह चुनाव हार नहीं सकती, लेकिन वह चुनाव हार गई। इसके बाद से राष्ट्रीय राजनीति से आम आदमी पार्टी लापता हो गई थी। उसके किसी नेता का कोई बयान तक नहीं आ रहा था। पूर्व सीएम केजरीवाल पंजाब तक ही सीमित रह गए थे। अब उनका आधार पंजाब में ही रह गया था, इसलिए उन्होंने पार्टी को पंजाब में मजबूत करने पर जोर दिया। पंजाब उपचुनाव और गुजरात उपचुनाव में जीत आम आदमी पार्टी को संजीवनी मिली है। लंबे समय बाद चुनाव जीतने पर केजरीवाल ने खुशी जाहिर की है। खुशी होना स्वाभाविक भी है क्योंकि जीत से पता चलता है कि पंजाब व गुजरात में पार्टी मजबूत स्थिति में है। पांच विधानसभा उपचुनाव में से आप दो, भाजपा एक, टीएमसी एक,केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने एक सीट जीती है। माना जाता है कि उपचुनाव में तो राज्य में जिस दल की सरकार होती है, वही दल चुनाव होता है। इस आधार पर भाजपा, आप, टीएमसी ने अपने राज्य की सीटें जीतीं हैं। आप ने अपनी दो सीटें जीती हैं, भाजपा,टीएमसी,यूटीएफ ने अपनी सीट जीती हैं। भाजपा आप की तरह कांग्रेस भी राष्ट्रीय दल हैं. आप को जो करना था उसने कर लिया, भाजपा को एक सीट जीतनी थी, उसने जीत ली। कांग्रेस को लेकर राहुल गांधी बहुत उत्साहित थे, वह उसे गुजरात, पंजाब, बिहार में मजबूत करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन गुजरात, पंजाब में तीनों सीटों पर हार से साफ हो गया है कि कांग्रेस मजबूत नहीं हुई है। राहुल गांधी के शेर चुनाव नहीं जीत सके हैं। राहुल गांधी ने पंजाब कांग्रेस को मजबूत करने के लिए भूपेश बघेल का पंजाब का प्रभारी बनाया था, हार से लगता है कि वह भी पंजाब कांग्रेस को एकजुट,मजबत नहीं कर सके हैं।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए व्यर्थ के वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। सामाजिक विषयों में आपकी काफी सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको योग्यता अनुसार काम मिलेगा जो आपकी खुशी का कारण बनेगा। आप आज मेहनत से बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन माता जी आपसे इसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं। आपकी लापरवाही आपके लिए समस्या बन सकती है। कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

वृषभ आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। किसी संपत्ति को लेकर कोई मामला यदि आपके लिए समस्या बना हुआ था, तो वह भी दूर होगा। आप अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी सोच सकते हैं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है और आप अपनी वाणी से सबका दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको मिलने का मौका मिलेगा। आज आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती है।

मिथुन आज का दिन आपके लिए भाग्य की दृष्टि से अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम को लेकर बजट बनाकर चलें। आपकी सहनशीलता बढ़ेगी जो आपको खुशी देगी। पारिवारिक दृश्य में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी काम को लेकर थोड़ा धैर्य बनाए रखना होगा। आप अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर काफी खुश होंगे। आपको यदि काम को लेकर कोई मित्र सलाह दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

कर्क आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला आप है। जल्दबाजी में कोई काम ना करें और अपने आवश्यक कामों को गति देकर आगे बढ़ाते रहें। पारिवारिक रिश्तों में एकता बनी रहेगी। आप कुछ नया करने की सोचेंगे जिसमें आपके परिवार की सदस्यों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर ही कदम बढ़ाए। वाहन की खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के रिश्ते में कुछ दूरियां बढ़ेंगी इसलिए आपको तालमेल बना कर चलना होगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके कौशल में सुधार लेकर आएगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपकी कलात्मक क्षमता बढ़ेगी। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपका कोई सहयोगी आपके कामों को टालने की कोशिश कर सकता है। आप अपने कामों को पूरे विस्तार से करेंगे। परिवार में यदि कोई कलह लंबे समय से चल रही है तो वह भी दूर होगी। आपको किसी बात को लेकर अपने पिताजी से सलाह लेनी पड़ सकती है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मिलने करने आ सकता है।

कन्या आज का दिन आपके लिए करियर में अच्छी सफलता लेकर आएगा। आपकी लोगों से सामंजस्यता बढ़ेगी और आप छुटपुट लाभ की योजनाओं पर भी पूरा ध्यान देंगे। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। आप सभी के प्रति आत्म समर्पित नजर आएंगे। जीवनसाथी को आप कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, वह अपने मेहनत में तेजी लाएं।

तुला आज का दिन आपके लिए व्यवसाय में कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की आवश्यकता है। आपकी व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होंगी। आप भी जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप कहीं घूमने फिरने जाएं, तो आप किसी से बेवजह न उलझे। आपकी कोई पुरानी गलती के लिए आपको अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती हैं। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप कामों में उसके नीति व नियमों का उल्लंघन न करें। सामाजिक आयोजनों में भी आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपने यदि किसी से कुछ कर्जा लिया था, तो उसे भी आप उतारने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखें।

धनु आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी भूमि, वाहन आदि की खरीदारी आप कर सकते हैं। आपकी साख व सम्मान में वृद्धि होगी। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आपको पिताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आप अपने भाई व बहनों से तालमेल बनाकर चले। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई विवाद हो, तो आपको उसमें चुप लगाना बेहतर रहेगा।

मकर आज का दिन आपके लिए मेहनत से अच्छा काम करने के लिए रहेगा। आप अपने मन में अहंकार बिल्कुल ना लाएं और अपने कामों को आगे लटकाने की कोशिश न करें। आपको अपने आलस्य को त्यागने की आवश्यकता है। आपकी दान धर्म के कामों में भी काफी रुचि रहेगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी लापरवाही के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। विद्यार्थियों को किसी के कहने में आकर अपने विषयों में बदलाव करने से बचना होगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए अपने जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने खर्च पर भी थोड़ा ध्यान देकर करें। आपको अपने समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। रचनात्मक कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको बड़ों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। संतान की आप कोई फरमाइश पूरी कर सकती है। आपके मन में किसी बात को लेकर संशय चल रहा है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़े।

मीन आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कामकाज में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपको अपने डेली रूटीन को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। घरेलू मामलों को आप मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें और आप आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिल सकता है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

आपातकाल

# जब कलम चुप हो जाए : लोकतंत्र का शोकगीत

प्रियंका सौरभ



"आपातकाल में अख़बारों ने विरोध में अपने संपादकीय स्तंभ ख़ाली छोड़ दिए थे। आज संपादकीय लिखे जा रहे हैं — लेकिन जैसे ख़ालीपन भीतर भर गया है।" 1975 में जब इंदिरा गांधी ने आपातकाल घोषित किया था, तब विरोध का मतलब जेल जाना था, कलम उठाना मतलब कागज़ छिन जाना था। फिर भी 'इंडियन एक्सप्रेस', 'जनसत्ता', 'प्रतिपक्ष' और कई क्षेत्रीय अख़बारों ने अपना संपादकीय कॉलम रिक्त छोड़कर सत्ता के विरुद्ध मौन का सबसे मुखर रूप चुना था। आज आपातकाल घोषित नहीं है। प्रेस की आज़ादी का कोई औपचारिक निलंबन नहीं हुआ। फिर भी पत्रकार जेल में हैं। कुछ मारे गए, कुछ बिक गए, कुछ खामोश हो गए। एक पूरी पीढ़ी है जिसे मालूम ही नहीं कि लोकतंत्र में अख़बार सरकार से सवाल पूछते हैं, आरती नहीं।

नया लोकतंत्र वह है जहाँ सरकार बोलती है, जनता सुनती है। सत्ता झूठ बोले, मीडिया उसे स्लोगन बना दे। कोई किसान मर जाए, कोई छात्र रो ले, कोई स्त्री चीखे — तो कैमरे का एंगल बदल दिया जाए। नया लोकतंत्र वह है जहाँ "देशद्रोह" अब अभिव्यक्ति की सीमा नहीं, असहमति की परिभाषा है। जहाँ "राष्ट्रवाद" अब जनहित नहीं, सत्ता हित की पोशाक बन चुका है।

क्योंकि जब सब लिखा जा चुका हो, लेकिन कुछ भी छपने लायक न बचे — तब स्याही सूख जाती है। 1975 में डर बाहर था, टैंक और वर्दियों में। आज डर भीतर है, टीआरपी और फंडिंग के नाम पर। 1975 में सेंसर अफसर बिठाए गए थे। आज पत्रकारों ने खुद ही सेंसरशिप को आत्मसात कर लिया है। जो लिखते थे, अब 'ज़ुबान फिसलने' के दोषी बना दिए गए हैं। जो सोचते हैं, उन्हें आईटी सेल के शोर में दबा दिया गया है। जो सच दिखाते हैं, उनकी स्क्रीन 'ब्लैकआउट' कर दी जाती है।

कभी यह अनुरोध होता था — "कृपया शांत रहें।" अब यह सत्ता का आदेश है — "चुप रहो, वरना देशद्रोही कहलाओगे।" बोलना अब खतरनाक नहीं, अवैध हो गया है। कविता लिखना अब भाव नहीं, 'विचारधारा' कहलाता है। सवाल पूछना अब नागरिक कर्तव्य नहीं, गुनाह है। "शांत रहिए" अब सिर्फ रेल स्टेशनों पर नहीं बजता, यह हर न्यूज़ चैनल, हर अख़बार, हर सोशल मीडिया पोस्ट की चेतावनी बन चुका है। आपातकाल में जनता ने आवाज़ उठाई। जेल गए, आंदोलन किए। लेकिन आज हम एक अघोषित आपातकाल के भीतर हैं — और चुप हैं। शायद क्योंकि आज की सेंसरशिप हिंसा की नहीं, सुविधा की है। शायद इसलिए कि अब डर नहीं दिखता, वो आकर्षक पैकेज में छिपा है — "सब अच्छा है", "बढ़ता भारत", "विश्वगुरु"। हम वह पीढ़ी हैं जिसने सत्य की जगह नैरेटिव चुन लिया है। जिसने अख़बार से खबर हटाकर इवेंट बना दिया है। जिसने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी भी है, पर समझी नहीं। क्योंकि शब्द अब प्रभावहीन हैं? नहीं। क्योंकि अब कोई सुनने वाला नहीं? नहीं। बल्कि इसलिए कि कभी-कभी चुप्पी खुद एक चीख बन जाती है। "रिक्त संपादकीय" आज फिर ज़रूरी है — क्योंकि हर शब्द अब रेखांकित हो रहा है, हर वाक्य विश्लेषित हो रहा है, और हर असहमति पर मुकदमा दर्ज हो रहा है। कभी-कभी खाली पन्ना वो कह देता है जो शब्द नहीं कह सकते।

हमारा पाठक अब बस मनोरंजन चाहता है। संपादकीय पढ़ना उसकी रुचि में नहीं रहा। वह सत्य की खोज में नहीं, 'रिलेट करने लायक' कंटेंट में रुचि रखता है। वह "ट्रेंड" में जीता है, "तथ्य" में नहीं। तो अख़बार भी अब वही परोसते हैं — वही चेहरे, वही घिसे-पिटे विचार, वही सत्तानुकूल भाषा। अगर आप संपादकीय रिक्त देखते हैं — चौंकिए मत। समझिए, कोई कुछ कह नहीं पा रहा। अगर आप संपादकीय में 'भक्ति' पढ़ते हैं — समझिए, कलम मजबूरी में झुकी है या बिक चुकी है। अगर आप अभी भी लिख रहे हैं — तो अपने भीतर एक सवाल ज़रूर उठाइए: क्या मेरी कलम सत्ता के हित में चल रही है या समाज के? जब किसी गांव की दलित औरत को पीट दिया जाएगा — और उसका वीडियो वायरल होगा, जब किसी छात्र को नारेबाज़ी के आरोप में जेल भेजा जाएगा, जब किसी कवि की किताब पर प्रतिबंध लग जाएगा, या जब किसी संपादक को सिर्फ इसलिए नौकरी से निकाला जाएगा क्योंकि उसने सच छाप दिया... तब शायद कोई फिर से बोलेगाः

"संपादकीय रिक्त है — क्योंकि लोकतंत्र अभी मौन है।"

# देश का आनेवाला कल नशे के दलदल में न समा जाए

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

नशा केवल नाश करता है, जिसे नशेड़ी बड़े शौक से सेवन करते है वो शरीर को बेहद घातक तरीके से प्रभावित करता है। नशा सर्वप्रथम मनुष्य के मस्तिष्क पर हावी होता है एवं उसके सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करता है और धीरे-धीरे सम्पूर्ण शरीर को कमजोर करता है। जितनी देर नशे का प्रभाव मस्तिष्क पर रहेगा, तब तक नशेड़ी मनुष्य के अनुचित व्यवहार की संभावना प्रबल रहती है। सीधी सी बात है, अगर मनुष्य का मस्तिष्क ही अनियंत्रित होगा तो उसका खुद पर काबू भी नहीं रहेगा। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट, 2021 अनुसार, नशीली दवाओं के उपयोग और अपराध के बीच एक करीबी संबंध है। हम खुद भी देखते है कि दुनियाभर में अपराधों में भयावह बढ़ोत्तरी में नशा मुख्य कारण है, अर्थात आधे से ज्यादा अपराध नशे की हालत में या नशे के लिए किये जाते है। नशे के लिए पैसे न मिलने पर नशेड़ियों द्वारा अपने माँ-बाप का भी कत्ल कर देने की खबरें या अनुचित घटनाएं देखने-सुनने को मिलती है। अब तो अपराध बेहद कम उम्र में ही देखने मिलता है, स्कूली बच्चें भी नशे के आदि नजर आते है। अभिभावकों का बच्चों के प्रति गैरजिम्मेदाराना रवैया या बच्चों पर अंधा विश्वास, फैशन और फिल्म इंडस्ट्री का नकारात्मक असर एवं सोशल मीडिया की लत ने बच्चों के विकास को बड़ी बुरी तरह खराब किया है। अगर बच्चों के कोमल मन मस्तिष्क पर अभी से नशे का जहर हावी होने लगा तो, देश का उज्जवल भविष्य तो अपराधों के दलदल में ही पनपेगा। हर छोटी-छोटी बात पर पार्टी और पार्टी के नाम पर नशा करते युवा। आज हम जिधर देखे उधर मादक पदार्थों की तस्करी, नशेड़ियों द्वारा अपराध और दुर्घटनाएं एवं बुरी खबरें है, शायद ही कोई दिन होगा जब इससे संबंधित खबरें न छपती हो। मादक पदार्थों का जाल तेजी से फैला है, नशे की तस्करी में भी बच्चों का इस्तेमाल हो रहा है। देश में सबसे ज़्यादा प्रचलित मादक पदार्थों में शराब, मारिजुआना (गांजा, हशीश, भांग), हेरोइन (ओपिओइड), फार्मास्युटिकल ओपिओइड (फेंटेनाइल, कोडीन व अन्य), तंबाकू (निकोटीन), मेथामफेटामाइन (क्रिस्टल मेथ), कोकेन, बेंजोडायजेपाइन (जैसे डायजेपाम, अल्प्राजोलम), अफीम यह है। नशे के लिए छोटे बच्चे भी इनहेलेंट जैसे गोंद, व्हाइटनर, कफ सिरप, दर्द निवारक, पेंट थिनर, फिनाइल, सैनिटीज़र, पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील तेज गंध वाले रसायनों को सूंघते है। बच्चों में शराब और तंबाकू का बढ़ता उपयोग भी चिंता का विषय है। आज संगठित अपराध अवैध नशीली दवाओं के व्यापार को बढ़ावा दे रहा है, जिसके कारण दुनिया भर के लोगों और समुदायों पर विनाशकारी परिणाम हो रहे हैं। इसलिए इस वर्ष 2025 के अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग विरोधी दिवस का नारा है "जंजीरों को तोड़ना : सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति!" यह नारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने के लिए सामुदायिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच और वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर देता है। हम सभी ने अपने स्तर पर जागरूक होकर नशे के विरुद्ध लड़ाई लड़नी है। पंजाब से ज्यादा नशेड़ी देश के सबसे शिक्षित राज्य केरल में, जी हां, यह आंकड़ा भयावह है। 2024 में, केरल ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत 27,701 मामले दर्ज किए, जो पंजाब में 9,025 मामलों से तीन गुना अधिक है। देश के कुल राज्यों में से केरल में ड्रग से संबंधित मामलों की दर सबसे अधिक है, पिछले चार वर्षों में, केरल ने 87,101 ड्रग से संबंधित मामले दर्ज किए हैं, जो पिछली बार की तुलना में 130 प्रतिशत की वृद्धि है। हर जिला प्रभावित है और इस साल के पहले दो महीनों में, 30 हत्याएं मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित थीं, राज्य में कुल हत्याओं का आधा हिस्सा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत की सड़कों पर 5,000,000 से ज़्यादा बच्चे अमानवीय परिस्थितियों में रहते और काम करते हैं, जहाँ उन्हें नशीली दवाओं के सेवन का बहुत ज़्यादा जोखिम है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि देश में 10 से 17 साल की उम्र के 1.58 करोड़ बच्चे नशीले पदार्थों के आदी हैं। डब्लूएचओ अनुसार, शराब के हानिकारक उपयोग से प्रत्येक वर्ष 3.3 मिलियन मौतें होती हैं, तम्बाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क के रूप में एकत्र किए गए प्रत्येक 100 रुपये से भारतीय अर्थव्यवस्था को 816 रुपये का नुकसान होता है, 2017 और 2018 के बीच 35 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए सभी बीमारियों और मौतों से तम्बाकू के उपयोग की आर्थिक लागत 27.5 बिलियन अमेरिकन डॉलर थी। 2011 और 2050 के बीच, शराब से संबंधित मौतों के कारण 258 मिलियन जीवन वर्ष नष्ट हो जाएंगे। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार वाले 64 मिलियन लोगों में से केवल 11 में से 1 को ही उपचार मिल पाता है। नशीली दवाओं के सेवन संबंधी विकार वाली केवल 18 में से 1 महिला ही उपचार की मांग करती है, जबकि 7 में से 1 पुरुष ही उपचार की मांग करता है। गृह मंत्रालय ने 18 मार्च, 2025 को लोकसभा को बताया कि पिछले पांच वर्षों में देश भर के बंदरगाहों से 19 मामलों में कुल 11,311 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नशीली दवाएं जब्त की गई हैं, सतत कार्यवाही के बावजूद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, भारत में नशीली दवाओं की लत बढ़ रही है, अनुमानित 100 मिलियन लोग भारत में विभिन्न मादक पदार्थों से पीड़ित हैं। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय द्वारा प्रकाशित विश्व ड्रग रिपोर्ट 2024 के अनुसार, नशीली दवाओं का वैश्विक उपयोग 292 मिलियन लोगों तक पहुँच गया है, जो पिछले दशक की तुलना में 20% की वृद्धि है। 2019 और 2021 के बीच उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब जैसे राज्यों में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत सबसे अधिक एफआईआर दर्ज की गईं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा भारत में पदार्थों के उपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर 2019 में किए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, 10 से 75 वर्ष की आयु के 160 मिलियन लोग वर्तमान में शराब पी रहे हैं। इनमें से 5.2 प्रतिशत शराब पर निर्भर हैं। देश में नकली शराब से भी बड़े पैमाने पर नशेड़ियों की मृत्यु होती है। शराबखोरी एक पुरानी बीमारी है, जिसके कारण लोगों को शराब की तलब होती है और वे अपने पीने पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं।



वयस्क नशेड़ियों पर तत्काल उपचार एवं नई पीढ़ी का नशे की ओर बढ़ता हुआ आकर्षण हमें जल्द रोकना होगा। इसमें सरकार, सेवाभावी संस्था और जनता का आपसी सहयोग बेहद आवश्यक है। अभिभावक अपनी जिम्मेदारी समझें, अपनी लापरवाही के कारण बच्चें बिगड़कर समाज और देश के लिए नासूर ना बनने पाएं। अभिभावकों का बच्चों पर नियंत्रण, आसपास का पोषक वातावरण, जागरूकता और पारिवारिक सदस्यों का आपसी बेहतर समन्वय नशे से मुक्त रख सकता है। अभिभावक बच्चों के जिद, झूठा दिखावा व आवश्यकता के बीच के अंतर को समझें। लाड-प्यार में या समय के अभाव के बहाने बच्चों पर नियंत्रण न खोये। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। बच्चों से दोस्ताना माहौल बनाकर उनके साथ समय बिताये। अच्छी-बुरी बातों का उन्हें ज्ञान व प्रेरणात्मक सीख दें। जिम्मेदारियों एवं रिश्तों की परख करना सिखाएं। बच्चे बड़ों का अनुसरण करते हैं, इसलिए बच्चों के सामने अनुचित व्यवहार करने से बचें, नशा न करें ना अपनों को नशा करने दें। बच्चों को सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम्स, भड़काऊ फैशन और मोबाइल से दूर रखें। बच्चों को उनके मासूमियत और बचपने के साथ जीने दें, उन्हें मैदानी खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। अभिभावक भावनाओं में बहकर निर्णय न लें, बल्कि बच्चों के उज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर निति-नियम बनाये और बच्चों को सदाचार, परोपकारिता, सत्यनिष्ठा, इंसानियत का पाठ पढ़ाएं। ऐसे संस्कार वाले बच्चों को कभी नशे की लत नहीं लग सकती और तभी देश का भविष्य नशामुक्त होकर सशक्त बनेगा।

# आपातकाल में प्रतिबंध के बावजूद और सशक्त होकर उभरा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

सुशील कुमार ' नवीन '



आपातकाल नाम सुनते ही शरीर में एक अलग ही झनझनाहट शुरू हो जाती है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे चर्चित और विवादित रहे आपातकाल को 50 वर्ष बीत चुके हैं। हर वर्ष जून मास आते ही घाव पुनः गहरे हो जाते है। आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका भी काफी प्रभावी रही है। संघ ने आपातकाल का पुरजोर विरोध किया था। हजारों कार्यकर्ताओं को प्रताड़ना सहनी पड़ी। जेल तक की यात्रा करनी पड़ी। कार्यकर्ताओं के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

लेख की शुरुआत कठोपनिषद के एक प्रसिद्ध श्लोक से करता हूं ;

उत्तिष्ठते जाग्रते प्राप्य वरान्निबोधत।

क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गमपथा।

अर्थ है कि उठो, जागो और ज्ञानी पुरुषों के पास जाकर ज्ञान प्राप्त करो। ज्ञान प्राप्ति का मार्ग, छुरी की धार पर चलने के समान कठिन है। आपातकाल के दौरान संघ को प्रतिबंध तक झेलना पड़ा। इसके बावजूद संघ और सशक्त होकर नए रूप में देश के सामने आया। आपातकाल के इतिहास के पन्नों को पलटकर देखें तो कुछ बातों का पुनः स्मरण कराया जाना जरूरी हो जाता है। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक निर्णय सुनाया था। इसमें वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली सीट से इंदिरा गांधी के सामने राज नारायण मैदान में थे। चुनाव परिणाम में इंदिरा गांधी को विजयी घोषित किया गया था। पराजित प्रत्याशी राज नारायण चुनावी प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करते हुए चुनाव में अनुचित साधन अपनाने का आरोप लगाया। उनका आरोप था कि इंदिरा गांधी ने चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी का अनुचित उपयोग किया है। परिणाम उनके पक्ष में रहा। सरकार के विरुद्ध राजनीतिक अस्थिरता और विरोध प्रदर्शन का माहौल बना। 25 जून 1975 को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। 21 मार्च 1977 तक यह लागू रहा। इस समयावधि के दौरान नागरिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया। सभी स्तर के चुनाव स्थगित कर दिए गए। सत्ता विरोधियों को बंदी बना लिया गया। प्रेस पर प्रतिबंधित लगाने के साथ साथ कुछ पत्रकार गिरफ्तार भी किए गए। वरिष्ठ पत्रकार रहे माणिकचंद्र वाजपेयी जी ने अपनी पुस्तक आपातकालीन संघर्ष गाथा में लिखा था कि- कांग्रेस ने 20 जून, 1975 के दिन विशाल रैली का आयोजन किया। रैली में देवकांतबरुआ ने कहा था, 'इंदिरा तेरी सुबह की जय, तेरी शाम की जय, तेरे काम की जय, तेरे नाम की जय' और इसी जनसभा में अपने भाषण के दौरान इंदिरा गांधी ने घोषणा की कि वे प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं देंगी।' जयप्रकाश नारायण ने आपातकाल का विरोध किया। उन्होंने इसे 'भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि' कहा। माणिकचंद्र वाजपेयी लिखते हैं- ' जयप्रकाश नारायण जी ने रामलीला मैदान पर विशाल जनसमूह के सम्मुख 25 जून, 1975 को कहा, ' सब विरोधी पक्षों को देश के हित के लिए एकजुट हो जाना चाहिए अन्यथा यहां तानाशाही स्थापित होगी और जनता दुखी हो जाएगी।' लोक संघर्ष समिति के सचिव नानाजी देशमुख ने वहीं पर उत्साह के साथ घोषणा कर दी, को इसके बाद इंदिराजी के त्यागपत्र की मांग लेकर गांव-गांव में सभाएं की जाएंगी और राष्ट्रपति के निवास स्थान के सामने 29 जून से प्रतिदिन सत्याग्रह होगा।' एच वी शेषाद्री की पुस्तक कृतिरूप संघ दर्शन के अनुसार सभी प्रकार की संचार व्यवस्था, यथा- समाचार-पत्र-पत्रिकाओं, मंच, डाक सेवा और निर्वाचित विधान मंडलों को ठप्प कर दिया गया। प्रश्न था कि इसी स्थिति में जन आंदोलन को कौन संगठित करे? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का देश भर में शाखाओं का अपना जाल था और वही इस भूमिका को निभा सकता था। संचार माध्यमों को ठप्प करने का प्रभाव अन्य दलों पर तो पड़ा, पर संघ पर उसका प्रभाव नहीं पड़ा। अखिल भारतीय स्तर के उसके केन्द्रीय निर्णय, प्रांत, विभाग, जिला और तहसील के स्तरों से होते हुए गांव तक पहुच जाते हैं। आपात घोषणा हुई और जब तक आपातकाल चला, उस बीच संघ की यह संचार व्यवस्था सुचारू ढंग से चली। भूमिगत आंदोलन के ताने-बाने के लिए संघ कार्यकर्ताओं के घर महानतम वरदान सिद्ध हुए। सर संघचालक बालासाहब देवरस को 30 जून को नागपुर स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पूर्व उन्होंने आह्वान किया था कि इस असाधारण परिस्थिति में स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वे अपना संतुलन न खोयें। सर कार्यवाह माधवराव मुले तथा उनके द्वारा नियुक्त अधिकारी के आदेशानुसार संघ-कार्य जारी रखें तथा यथापूर्व जनसंपर्क, जनजागृति और जनशिक्षा का कार्य करते हुए अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करने की क्षमता जनसाधारण में निर्माण करें। संघ कार्यकर्ताओं ने उनके आह्वान के अनुसार ही कार्य किया। आपातकाल की घोषणा के कुछ दिन बाद 4 जुलाई 1975 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया। लोक संघर्ष समिति द्वारा आयोजित आपातकाल विरोधी संघर्ष में एक लाख से अधिक स्वयंसेवकों ने सत्याग्रह किया। बताया जाता है कि आपातकाल के दौरान सत्याग्रह करने वाले कुल एक लाख 30 हजार सत्याग्रहियों में से एक लाख से अधिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के थे। जो 30 हजार लोग बंदी बनाए गए, उनमें से 25 हजार से अधिक संघ के स्वयंसेवक थे। जानकारों के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 कार्यकर्ता बंदीगृहों और कुछ बाहर आपातकाल के दौरान बलिदान हो गए। उनमे संघ के अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख पांडुरंग क्षीर सागर भी शामिल थे। सत्ता पक्ष के विरुद्ध जयप्रकाश नारायण के आन्दोलन को संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जारी रखा।

मोहनलाल रुस्तगी की पुस्तक आपातकालीन संघर्ष गाथा के अनुसार जयप्रकाश नारायण ने अपनी गिरफ्तारी से पूर्व 'लोक संघर्ष समिति' का आन्दोलन चलाने के लिए 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के पूर्णकालिक कार्यकर्ता नानाजी देशमुख को जिम्मेदारी सौंपी थी। जब नानाजी देशमुख गिरफ्तार हो गए तो नेतृत्व की जिम्मेदारी सुंदर सिंह भण्डारी को सौंपी गई। आपातकाल लगाने से उत्पन्न हुई परिस्थिति से देश को सचेत रखने के लिए तथा जनता का मनोबल बनाए रखने के लिए संघ के कार्यकर्ता तय किए गए। स्वयंसेवकों ने सत्ता की नीतियों के विरोध में सत्याग्रह किया। 9 अगस्त,1975 को मेरठ नगर में सत्याग्रह किया गया। 15 अगस्त,1975 को लाल किले पर जब प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान सत्याग्रहियों ने नारे लगाए और पर्चे वितरित किए। 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के सामने महात्मा गांधी की समाधि पर सत्याग्रह किया गया। 28 अक्टूबर, 1975 को राष्ट्रमंडल सांसदों का एक दल जब दिल्ली आया था, तब कार्यकर्ताओं ने उन्हें आपातकाल विरोधी साहित्य वितरित किया। 14 नवंबर, 1975 को प्रधानमंत्री के सामने जवाहर लाल नेहरू की समाधि के पास आपातकाल के विरोध में नारे लगाए गए। 24 नवंबर 1975 को अखिल भारतीय शिक्षक सम्मेलन में पर्चे वितरित किए और तानाशाही के विरोध में नारे लगाए। 7 दिसम्बर, 1975 को ग्वालियर में महान संगीतज्ञ तानसेन की समाधि पर सत्याग्रह किया गया। उस दिन रजत जयंती के कार्यक्रम का आयोजन था। 12 दिसम्बर, 1975 को दिल्ली में स्वामी श्रद्धानंद की मूर्ति के सामने मणिबेन पटेल के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा सत्याग्रह किया गया। बंबई की मिलों में मजदूरों द्वारा सत्याग्रह किया गया। आपातकाल से कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ। जनता में सरकार की छवि धूमिल हुई। आक्रोश बढ़ता गया। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग करके चुनाव करवाने की अनुशंसा कर दी। चुनाव में स्वयं इंदिरा गांधी को अपने क्षेत्र रायबरेली से चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। जनता पार्टी को बहुमत प्राप्त हुआ. मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। इस प्रकार स्वतंत्रता के पश्चात प्रथम बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी। नई केंद्र सरकार ने आपातकाल के दौरान लिए गए निर्णयों की जांच के लिए शाह आयोग का गठन किया। शाह आयोग में अपनी रिपोर्ट में आपातकाल के दौरान हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए शासन व्यवस्था को हुई हानि पर चिंता व्यक्त की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आपातकाल का जमकर विरोध किया. इसके कारण उसे सत्ता के क्रोध का दंश झेलना पड़ा, किन्तु आपातकाल के दौरान संघ द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों ने लोगों में उसे विख्यात कर दिया. इस प्रकार लोकतंत्र की विजय घोष के साथ संघ बढ़ता गया। सोमदेव द्वारा रचित कथासरितसागर की एक प्रसिद्ध सूक्ति इसे चरितार्थ भी करती है।

अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः

अर्थ है कि साहसी और मेहनती व्यक्ति के लिए कुछ भी अप्राप्य नहीं है अर्थात् जिसके पास साहस है और जो परिश्रम करता है, उसके लिए कुछ भी अप्राप्य नहीं है।

एक नजर

## दिनेश गुप्ता बने अभा. किसान कांग्रेस के आंचलिक संयोजक



**गीदम, 25 जून।** गीदम निवासी दिनेश गुप्ता को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष के अनुमोदन से आंचलिक संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि दिनेश गुप्ता लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे हैं और पार्टी की गतिविधियों में लगातार सक्रिय रहे हैं। उनकी सक्रियता को देखते हुए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस ने आंचलिक संयोजक का दायित्व सौंपते हुए उन्हें प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी को मजबूत करने का दायित्व सौंपा है और उम्मीद जताई है कि वह पार्टी के आदर्शों को बढ़ावा देते हुए पार्टी को मजबूत करने में अपना पूरा योगदान देंगे। वही दन्तेवाड़ा जैसे अंचल से दिनेश को यह पद मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगो ने उन्हें बधाइयां व शुभकामनाए दी है।

## कक्षा प्रथम से 12 वीं तक प्रवेश के लिए अंतिम मौका 26 जून तक

**सुकमा, 25 जून।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध एवं अंग्रेजी माध्यम में संचालित केंद्रीय विद्यालय सुकमा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली द्वारा प्रेषित प्रवेश मार्गदर्शिका 2025-26 के उपबंधों के अनुसार कक्षा प्रथम से बारहवीं (कक्षा पांचवीं, छठी एवं आठवीं को छोड़कर) तक की कुछ रिक्तियों (खाली सीटों) के समक्ष प्रवेश हेतु दिनांक 26 जून 2025 तक ऑफलाइन माध्यम में विद्यालय परिसर में ही पंजीकरण किया जाएगा। इच्छुक अभिभावक केंद्रीय विद्यालय सुकमा से भौतिक रूप में पंजीकरण फार्म ले सकते हैं अथवा केंद्रीय विद्यालय सुकमा की आधिकारिक वेबसाइट से भी एप्लीकेशन डाउनलोड कर सकते हैं। वांछित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों के साथ भरा हुआ पंजीकरण फॉर्म 26 जून 2025 तक विद्यालय परिसर में ही जमा किया जा सकता है।

## 17 पंचायतो में जल संरक्षण के लिए कार्ययोजना निर्माण पूर्ण

**कांकेर 25 जून।** कांकेर जिले में राज्य सरकार के निर्देशन और कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में मोर गांव, मोर पानी महाभियान को युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी पहल का मुख्य लक्ष्य वर्षा ऋतु में इसे एक जन आंदोलन का रूप देना है, जिससे जिले को जल संकट से स्थायी रूप से निजात मिल सके।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों की योजना तपकहम जव अंससमल÷ के आधार पर आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर बनाई जा रही है। वर्तमान में जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की सहभागिता से कार्ययोजना का निर्माण शुरू हो चुका है। ग्रामीण ट्रांजिट वॉक के माध्यम से अपने क्षेत्रों के संसाधन मानचित्र तैयार किया जा रहा हैं। वर्तमान में 17 ग्राम पंचायतों में यह कार्ययोजना निर्माण पूर्ण भी हो चुका है।

### रेटावंड में नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का हुआ लोकार्पण

# किसानों को खाद की कमी जल्द दूर करने का भरोसा दिलाया सांसद ने

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 25 जून।** बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल आज ग्राम पंचायत रेटावंड पहुंचे, जहां स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से उनका भव्य स्वागत किया इस दौरान सरपंच और जनपद सदस्य का भी आदरपूर्वक स्वागत किया गया। विधायक श्री बघेल ने रेटावंड में नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का विधिवत शुभारंभ किया और उपस्थित ग्रामीणों को शुभकामनाएं दीं उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से गांव में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और यह मंच ग्रामीण संस्कृति को संजोने में सहायक सिद्ध होगा। इसके पश्चात विधायक श्री बघेल ने रेटावंड लेम्प्स का निरीक्षण किया और वहां मौजूद किसानों से संवाद करते हुए लेम्प्स के लाभों की जानकारी ली बातचीत के दौरान अधिकांश किसानों ने बताया कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है डीएपी खाद की अनुपलब्धता को लेकर किसानों ने असंतोष है विधायक ने इस विषय पर दुकान संचालक से जानकारी ली और विभागीय स्तर पर जल्द से जल्द खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कर किसानों को राहत दिलाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान विधायक ने ग्राम पंचायत रेटावंड में निर्माणाधीन सीसी रोड की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े किए उन्होंने रोड की खस्ताहाल स्थिति को देखकर ठेकेदार और पंचायत सचिव पर नाराजगी जताई उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर यह सड़क बनाई गई थी, लेकिन महज छह महीनों में ही सड़क अपनी उपयोगिता खो चुकी है, जिससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीणों को स्थायी सुविधा मिल सके रेटावंड दौरे के दौरान विधायक श्री बघेल ने गांव के विकास कार्यों का जायजा लिया और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिएइस दौरान मौजूद रहें जनपद सदस्य सूरज कश्यप मानसिंह कश्यप, रुपसाय कोर्राम, भोलाराम, सोमन, दिनुराम,सामदास, बुधराम,चरण यादव, सुकुल यादव,रुबिया गौरी, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, हरदास बघेल एवं समस्त ग्रामवासी व कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें

# डिप्टी सीएम साव ने दी 25 लाख की मंजूरी



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 25 जून।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव ने गीदम में देवांगन समाज भवन एवं मंदिर निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की है। यह सौगात गीदम नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद विनोद साहू की पहल से मिली है। श्री साहू ने बताया कि गीदम के वार्ड क्रमांक 5 में सामुदायिक भवन (शिव मंदिर) निर्माण कार्य के लिए 9 लाख 91 हजार तथा वार्ड क्रमांक 6 में देवांगन समाज भवन निर्माण के लिए 15 लाख 66 हजार की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस मंजूरी के लिए पार्षद विनोद साहू, देवांगन समाज के पदाधिकारी व गीदम नगर वासियों की ओर से नगरीय प्रशासन मंत्री श्री साव का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पार्षद विनोद साहू प्रारंभ से ही सामाजिक कार्यों में आगे रहे हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के साथ उनके आत्मीय संबंधों का लाभ सामाजिक क्षेत्र में गीदम शहर को मिलने लगा है। इस सक्रियता और सजगता ने विनोद साहू को एक शानदार जन प्रतिनिधि के रूप में भी पहचान दिलायी है।

# नीलावाया पंचायत में आर्थिक गबन के मामले में पूर्व सरपंच व सचिव गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 25 जून।** ग्राम पंचायत नीलावाया के तत्कालीन सरपंच रमेश कोर्राम एवं सचिव अनोज कुमार मण्डावी के द्वारा वर्ष 2022-2023, 2023-2024, 2024-2025 में ग्राम पंचायत नीलावाया में मूलभूत एवं निर्माण कार्यो में अनियमितता कर डीएमएफ खाते से लगभग 18,42,689.00 रूपये (अठारह लाख बयालीश हजार छः सौ नव्वासी रूपये) की राशि गबन करने की शिकायत पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दन्तेवाड़ा द्वारा तीन सदस्यीय जॉच समिति का गठन किया गया, जिनके जॉच रिपोर्ट अनुसार तत्कालीन सरपंच एवं सचिव नीलावाया द्वारा गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए संबंधित के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही हेतु थाना अरनपुर में आवेदन प्रेषित किया गया है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना अरनपुर में अपराध क्रमॉक-08/2025 धारा-316(2)(4)(5), 318(4), 61(2), 3(5) बीएनएस 2023 के तहत अपराध पंजीबद्व किया गया।पुलिस अधीक्षक गौरव राय (भा.पु.से.), अति0 पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला (भा.पु.से.), अति0 पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार (भा.पु.से.), अति0 पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन (रा.पु.से.), कल्पना वर्मा (रा.पु.से.) पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुआकोण्डा के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार विवेचना दौरान दिनॉक 23.06.2025 को तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव अनोज कुमार मण्डावी पिता स्व0 भीमा राम मण्डावी उम्र 27 वर्ष ग्राम गोंगपाल स्कूलपारा थाना कुआकोण्डा एवं दिनॉक 24.06.2025 को तत्कालीन ग्राम पंचायत सरपंच नीलावाया रमेश कोर्राम पिता स्व0 मुका कोर्राम उम्र 50 वर्ष जाति माड़िया निवासी ग्राम नीलावाया पटेलपारा थाना अरनपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## रेलवे की बंद पड़ी गुड्स साइडिंग को लेकर विवाद

**धरसींवा, 25 जून।** रायपुर जिले के धरसीवां क्षेत्र के सिलयारी में रेलवे की बंद पड़ी गुड्स साइडिंग को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. यह साइडिंग पहले ग्रामीणों, स्कूली विद्यार्थियों और मरीजों की परेशानी को देखते हुए बंद कराई गई थी, लेकिन अब इसे दोबारा शुरू कराने की कोशिश जारी है, जिससे गांव में दो पक्षों के बीच खींचतान शुरू हो गई है।दरअसल, सिलयारी में रेलवे की यह गुड्स साइडिंग शासकीय स्कूल रेलवे फाटक शासकीय अस्पताल के समीप है. रैक लगने के दौरान प्रदूषण, ट्रैफिक और दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती हैं, जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं, मरीजों और राहगीरों को खासी परेशानी होती थी. इसी के विरोध में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने लंबे समय तक आंदोलन कर इसे बंद कराया था।

## मितानिन की हत्या के आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने ज्ञापन सौंपा



**सिमगा,25 जून।** मितानिन स्वर्गी जयंती मंडल 2004 से मितानिन में कार्य रत थी मितानिन स्वर्गी जयंती मंडल की कुछ दिनों पहले अज्ञात आरोपिओ द्वारा सिर पर पत्थर से कुचल कर हत्या की गई इनकी लाश ग्राम हुल घाट के नदी किनारे मिली मृतक स्वर्गीय जयंती मंडल 40 वर्ष की थी मितानिन कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत हमत वही एवं चिखली सन 2004 से प्रशिक्षित थी इनके परिवार वालो को मुवाबजा देने की पेशकस रखी उनकी हत्या का निंदा करते हुए वह आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के पक्ष में मितानिनो ने सिमगा एस डी ?म कार्ययालय जा कर एस डी एम सर के अनुपस्थिति में कर्मचरी चिरंजीव शर्मा जी को ज्ञापन सौंपा मितानिन कार्यक्रम के तहत श्रीमती लोएस मशीह बी सी सुनीता देवांगन एम टी मानेस्वरी साहू एसपीएस चंद्रकला जोशी एम टी पुष्पा विमल ज्योति सरस्वती सेन हेमलता कुंती माहेश्वरी गौरी रुबीना रेवती शारदा महिपाल सोना यदि राजेश्वरी अनीता आलम ललित सुमन चंद्रकाली शामिल थे।

# निर्माणाधीन सड़क पर ग्रामीणों के लिए पैदल चलना मुश्किल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली, 25 जून।** दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय से जुड़ने हेतु सड़कों का जाल लगातार जिले के कई ग्रामीण इलाकों में बिछाया जा रहा है प्रंतु फिर भी कुछ ग्राम ऐसे भी हैं जहां यह सुविधा अब तक नहीं पहुंच सकी हैं बड़ी आबादी वाले इन ग्रामों में निर्माण एजेंसी कि सुस्त कार्यप्रणाली का दंश ग्रामीण भोगते हैं अभी मानसून की शुरुवात ही हुई है और हालात ऐसे बन गए हैं कि इस मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहीं हैं अनेक जनदर्शन और हाल के दिनों में चले सुशासन तिहार के समाधान शिविरो में भी इस बाबत आवेदन दिया गया है बावजूद अब तक किसी प्रकार की राहत नहीं मिल सकी है. उल्लेखनीय है कि निर्माण एजेंसी संवेदनशील क्षेत्र का हवाला दे कर काम रोक देती हैं. बहरहाल अब बरसात मे इस मार्ग को लेकर ग्रामवासी और भी चिंतित हैं और मार्ग को आवगमन के लायक बनाने की राह देख रहें हैं निर्माण कार्य धीमी गति से होने के कारण ग्रामीणों को एंबुलेंस सेवा मिलने से वंचित रहना पड़ रहा है स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को आने जाने में दिक्कतें हो रही है वही शिक्षको एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को भी इस चुनौती पुर्ण सड़क से होकर गुजरना पड़ रहीं हैं।

### कार्रवाई की मांग करते परिजनों ने शव रखकर किया सड़क जाम

# कोरबा की बेटी की एमपी में दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप



**कोरबा,25 जून।** कोरबा की बेटी की मध्यप्रदेश के सिंगरौली में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए परिजन मध्यप्रदेश पुलिस के जांच पर सवाल उठा रहे हैं. अब स्थानीय पुलिस-प्रशासन से मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने हरदीबाजार के आमगांव चौक पर लाश को रखकर सड़क जाम कर दिया है. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी परिजनों को समझने का प्रयास कर रहे हैं

कोरबा जिले के हरदीबाजार क्षेत्र में रहने वाले उमेद दास सिंगरौली में नौकरी करते थे, जिनके निधन के बाद उनकी पत्नी वर्तमान में अनुकंपा नियुक्ति पर नौकरी कर रही हैं. उमेद दास की बेटी पुष्पांजलि अपनी मां के साथ रहा करती थी. मां की अनुपस्थिति में भोपाल में रहकर पढ़ाई करने पुष्पांजलि की बड़ी बहन सिंगरौली आई थी. इस बीच काम के सिलसिले में बाहर गई थी, तीन दिन पहले लौटी बड़ी बहन को घर पहुंचने पर पुष्पांजलि की नग्न लाश मिली, जिसके गुप्तांग पर चोट के निशान नजर आ रहे थे।

परिजनों ने बताया कि उन्होंने मोरवा थाना में हत्या का मामला दर्ज कराया है, लेकिन पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप को दर्ज करने से इनकार कर दिया. इसके अलावा पुलिस पर उन्होंने थाने से भगाने का आरोप भी लगाया. परिजनों का यह रोष अंतिम संस्कार के लिए पुष्पांजलि के शव को हरदीबाजार लाते समय फूट पड़ा और कोरबा पुलिस-प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए आमगांव चौक पर लाश को रखकर सड़क जाम कर दिया है. मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी घटना की जानकारी लेते हुए परिजनों को समझाइश देने का प्रयास कर रहे हैं.

## अधिकारियों-कर्मचारियों को मिला ई-ऑफिस संचालन के लिए प्रशिक्षण

**जगदलपुर 25 जून।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन को सशक्त बनाने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाने के लिए जिले के सभी विभागों और कार्यालयों में ई-ऑफिस को लागू करने हेतु मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे सभी विभागों में इसे प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। मंत्रालय तथा विभागाध्यक्ष कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली से जोड़ने के पश्चात अब जिला स्तर पर भी इसे लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। ई-ऑफिस प्रणाली से सरकारी कार्यों की गति, दक्षता और पारदर्शिता में अभूतपूर्व सुधार होगा। इस पहल से सरकारी प्रक्रियाओं में स्वचालन आएगा, जिससे फाइलों की ट्रैकिंग आसान होगी, निर्णय लेने की गति तेज होगी। राज्य शासन डिजिटल गवर्नेंस को हर स्तर पर सशक्त करने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया अभियान को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने ई-गवर्नेंस को प्रभावी रूप से लागू किया है, जिससे राज्य की सभी सरकारी सेवाएं अधिक पारदर्शी, सुगम और त्वरित बनेंगी। राज्य सरकार की मंशा है कि छत्तीसगढ़ में ई-गवर्नेंस को सुशासन के प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया गया है।

## पत्रकारिता और लॉ की छात्रा शिवानी ने पति संग रची थी हत्या की साजिश

**रायपुर,25 जून।** राजधानी रायपुर में पिछले दो दिनों से ट्रंक में मिले लाश की वारदात ने सब को शॉक्ड कर दिया है. इस वारदात को अंजाम देने वाले एडवोकेट अंकित उपाध्याय और उसकी पत्नी शिवानी शर्मा उपाध्याय उर्फ Shivi Sharma को पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है. अब कुछ सोशल मीडिया में कुछ यूजर्स उक्त आरोपियां को छत्तीसगढ़ की सोनम बता रहे है. हालांकि दोनो में फर्क है, लेकिन जिस शातिर तरीके से उक्त आरोपियां ने पति के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया, यही कारण है कि इस महिला की कुंडली सोशल मीडिया में खंगाल रहे है. उक्त आरोपियां का फेसबुक अकाउंट Shivi Sharma के नाम से मौजूद है. इससे जानने वाले लोग बताते है कि उक्त आरोपियां ने पत्रकारिता और लॉ दोनो की पढ़ाई की है. आरोपियां के पिता की बुढ़ेश्वर मंदिर की दुकानों में एक साफा हाउस संचालित करते है.

जानकारी के मुताबिक शिवानी ने पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय से पत्रकारिता में स्नातक (BAJMC) की पढ़ाई शुरू की, हालांकि ग्रेजुएशन के दौरान कॉलेज बदलकर वह प्रगति कॉलेज चली गई थी. उसके दोस्तों ने बताया कि वर्तमान में दिशा कॉलेज में कानून (लॉ) की पढ़ाई कर रही थी. घटना के बाद उसके दोस्त खुद शॉक्ड है. दोस्तों ने ये भी बताया कि कॉलेज में शिवानी का व्यवहार सभी के साथ सौहार्दपूर्ण था. वह कभी हत्या जैसे मामले में शामिल हो सकती है ये वो कभी सोच भी नहीं सकते. शुरुआती पढ़ाई शिवानी की पुरानी बस्ती के वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल से हुई है। हालांकि अब इस मामले में रायपुर पुलिस विस्तृत जांच कर रही है, जिसके बाद और कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते है.

## बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर की जाए प्रभावी कार्रवाई: कलेक्टर

**जगदलपुर 25 जून।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने कहा कि बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्यवाही किया जाए। इसके अलावा नगरीय क्षेत्र में मुख्य सड़क पर अतिक्रमण करने वालो पर निरंतर कार्यवाही नगर निगम करे और ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार कार्यवाही करें । सोमवार की शाम जिला कार्यालय के आस्था सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि शाम के समय शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए सभी मुख्य मार्गों में जांच कर कार्रवाई किया जाना चाहिए। इसके साथ ही पर्यटन स्थलों के समीप भी शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों के वाहनों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने शहर से लगे हाईवे पर संकेतक बोर्ड लगाने, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पर भी चर्चा किया। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारी को जगदलपुर शहर के प्रमुख चैराहों पर कार्यक्रम आयोजन की अनुमति नहीं देने के लिए निर्देश दिए ताकि आवागमन बाधित ना हो। उन्होंने महारानी अस्पताल में ट्रामा सेंटर की व्यवस्था को संचालित करने के भी निर्देश दिए। आवारा पशुओं की सड़कों को रोड से हटाने एवं कार्यवाही में कलेक्टर ने कहा कि पशुओं को काऊ कैचर से पकड़ कर कांजी हाउस में रखें और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास करवाकर स्थल को चिन्हित करवाएं । बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने कहा कि इंटरसेप्टर के माध्यम अधिक स्पीड में वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।उन्होंने हैवी लोडेड वाहनों का बायपास सड़क का अधिक उपयोग करवाने पर जोर दिया ।

## तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी

**जगदलपुर 25 जून।** कलेक्टर श्री हरिस एस द्वारा जिले में प्रशासकीय दृष्टिकोण से तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत तहसीलदार श्री रूपेश कुमार मरकाम को तहसीलदार जगदलपुर के साथ ही न्यायालय नायब तहसीलदार कुरंदी का अतिरिक्त प्रभार, श्री राहुल गुप्ता को तहसीलदार जगदलपुर नजूल के साथ ही न्यायालय नायब तहसीलदार फ्रेजरपुर का अतिरिक्त प्रभार, श्री सुनील कुमार ध्रुव को तहसीलदार दरभा और नायब तहसीलदार श्री पुष्पराज मिश्रा को प्रभारी तहसीलदार बास्तानार एवं श्री रोहन कुमार बिसी को नायब तहसीलदार नानगुर पदस्थ किया गया है।


# डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बताए रास्ते पर चल रही है भाजपा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा,25 जून।** सिमगा बैठक में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता भाटापारा विधानसभा अनिल पांडे ने कहा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे उनके आदर्श उनके बताए हुए मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता चल रहे हैं वह एक योग पुरुष थे श्री पांडे ने कहा एक विचारधारा की लड़ाई जिसकी शुरुआत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने की थी उनके सपने को अगर किसी ने सरकार किया तो देश के जो सूची प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में धारा 370 35ङ्ख कश्मीर से हटकर यह बता दिया कि कश्मीर भारत का था भारत का है और भारत का ही रहेगा श्री पांडे ने कहा जो विचारधारा की लड़ाई थी एक देश में दो प्रधान दो निशान दो संविधान जिसका विरोध हमेशा जनसंख्या से लेकर जनता पार्टी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता करते थे और हमेशा यह मांग करते थे जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनेगी तो कश्मीर से धारा 370 हटेगा आज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर यह कहते हुए खुशी हो रही है की कश्मीर स्वतंत्र हो चुका है अब इस देश में एक निशान एक प्रधान और एक संविधान है या भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत है श्री पांडे ने कहा हम सब कार्यकर्ता आज ऐसे महान पुरुष के पुण्यतिथि पर एकत्रित हुए हैं उनको श्रद्धांजलि दे रहे हैं आज तक यह पता नहीं चला कि किन परिस्थितियों में कश्मीर के अंदर में उनकी मौत हुई लेकिन हमें गर्व है कि अब कश्मीर आजाद है हम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए हुए मार्ग पर चल रहे हैं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के अवसर पर सिमगा मंडल के सभी कार्यकर्ता एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम उन्मुक्त खेल मैदान में संपन्न किया सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया अब एक-एक पेड़ लगाकर उसे पेड़ की देखभाल करने की जिम्मेदारी और जवाबदारी लेंगे श्री पांडे ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को दिल से बधाई दिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सिमगा मंडल के अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी महामंत्री राहुल साहू उपाध्यक्ष सचिन जैन भागवत वर्मा अग्रसेन वर्मा रुक्मणी साहू सरोज देवांगन सविता मानिकपुरी रजनी दुबे धीरज जैन अभिजीत अवस्थी विकास सोनकर सूर्यकांत ताम्रकार रोहित साहू भोला वर्मा छगन वर्मा मुकुट रजक अनूप तिवारी पारस पाटकर पीतांबर सोनकर टैबू देवांगन विनोद वर्मा दीपक चौरसिया तोपेंद्र वर्मा सावत आडवाणी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे

# नक्सल कमांडर हिड़मा के गांव में जवानों ने जश्न मनाया



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 25 जून।** छत्तीसगढ़ के सुकमा से जहां पहले नक्सलियों के नर संहार और दहशत की तस्वीरें सामने आती थी, वहीं अब एक ऐसी तस्वीर निकलकर सामने आई है, जिसे देखकर है हर कोई जवानों की तारीफ़ कर रहे हैं। दरअसल, नक्सलियों के मोस्ट वांटेड कमांडर हिड़मा के गाँव पूवर्ती से दिल को सुकून देने वाली तस्वीरें सामने आई है। कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाने वाला पूवर्ती गांव अब नक्सल दहशत से मुक्त हो चुका है और अब यहां से सीआरपीएफ जवानो और ग्रामीणों के बीच के मज़बूत सम्बंधों को प्रदर्शित करती तस्वीर सामने आई है।

नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव पूवर्ती की एक शादी की है। जहां पूवर्ती गांव की एक बेटी की शादी थी और बारात लौटने के दौरान गांव के लोग सीआरपीएफ की 150वीं बटालियन के अधिकारियों और जवानों से विदाई के दौरान बेटी को मिलाने पहुँचे। इस दौरान सीआरपीएफ जवानों व अधिकारियों ने उस बेटी को नेग देकर अपना फ़र्ज़ निभाया और विवाह में बारातियों और ग्रामीणों के संग विवाह की खुशियां बाटी। इतना ही नहीं जवानों ने ग्रामीणों के साथ जमकर डांस भी किया।अब ये बात पुरानी हो चूकी है की पूवर्ती में नक्सलियों की तूती बोलती थी अब यहाँ गाँव के ग्रामीणों और सुरक्षाबलों के जवानों के बीच बने संबंध नक्सलवाद के ख़ात्मे की साक्षी बन रही है। क्षेत्र में बीते कुछ समय में केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा शांति बहाली व विकास के लिए किए गए कार्यों से आए बदलाव की सबसे खूबसूरत तस्वीर सामने आई है।

एक नजर

## 450 युवाओं को दी गई वायुसेना में अग्निवीर भर्ती और प्रक्रिया की जानकारी

**धमतरी 25 जून।** जिला प्रशासन, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी एवं विंग कमांडर, कमांडिंग ऑफिसर एयर फोर्स भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुरूद एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल में अग्निवीर वायु सेना भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला श्री सुशांत सिंग एवं श्री डी. एस. राणा, भोपाल द्वारा अग्निवीर वायुसेना भर्ती की विस्तृत जानकारी आवेदकों को निम्नानुसार दी गई। उन्होंने बताया कि अग्निवीर वायुसेना की भर्ती, विज्ञापन या ओपन रैली के माध्यम से होता है। साथ ही शैक्षणिक योग्यता, आयु एवं वेतनमान भत्ता एवं अन्य सुविधओं के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियो ने बताया कि अग्निवीर वायुसेना हेतु 4 वर्ष की सेवा पश्चात् उत्कृष्ठ 25 प्रतिशत आवेदकों को वानुसेना में नियमित किया जाता है।चयन प्रक्रिया के तीन चरणों में आयोजित कि जाती है। प्रथम चरण में ऑनलाईन लिखित परीक्षा, द्वितीय शारीरिक दस्ता परीक्षा अनुकूलन परीक्षा एवं अंतिम चरणों में चिकित्सा परीक्षण किया जाता है। चयन उपरांत 06 माह का प्रशिक्षण तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। 04 वर्ष की सेवा उपरांत केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों में भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता है। कार्यशाला में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के 200 आवेदकों ने हिस्सा लिया. वही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल कुरुद के 250 छात्र एवं छात्राओं ने उपस्थित रहे। वायुसेना वक्ताओं ने प्रश्नावली के माध्यम से दोनों ही संस्थाओं में प्रतिभागियों के शंकाओं का समाधान किया उक्त कार्यशाला में वायुसेना अधिकारियों के साथ श्रीमती पुष्पा चौधरी, उपसंचालक, रोजगार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य श्री योगेश देवांगन एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य श्री मनीष कुम्मार सिंग एवं प्रार्चाय कन्या शाला डी.पी. देवांगन भी उपस्थित रहे।

## धरती आबा अभियानः जबर्रा में लगा संतृप्तिकरण शिविर

**धमतरी 25 जून ।** धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज नगरी विकासखण्ड के जबर्रा में संतृप्तिकरण शिविर लगाया गया। इस शिविर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में केन्द्र और राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जनजातीय समुदाय के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में जनजातीय हितग्राहियों को जरूरी सेवाएं भी उपलब्ध कराईं गईं। इस शिविर में हितग्राहियों को सीधे लाभ देते हुए नये राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड बनाए गए। शिविर में ही जनजातीय लोगों के आधार कार्ड बनाने के लिए ऑनलाईन पंजीयन कराया गया। जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज बनाने के लिए भी पोर्टल पर पंजीयन किया गया। जनजातीय वर्ग के आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरी सर्वे करने के लिए सूची भी तैयार की गई। इसके साथ ही आसपास के जनजाति लोगों के जनधन खाते खोले गए। उन्हें वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगता पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशनों से लाभान्वित करने के लिए पंजीयन किया गया। शिविर मे स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने सिकलसेल, एनीमिया, रक्तचाप, ब्लड शुगर आदि की जांच की। इस दौरान बच्चों का टीकाकरण और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## नगर पंचायत के नए कार्यालय भवन के लिए 1.68 करोड़ रुपए स्वीकृत

**धमतरी 25 जून ।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने धमतरी जिले के कुरुद नगर पंचायत के नए कार्यालय भवन के निर्माण के लिए एक करोड़ 68 लाख 30 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संचालनालय द्वारा अधोसंरचना मद से राशि स्वीकृति का आदेश जारी कर दिया गया है। कुरुद नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक-15 में मंडी रोड के पास नगर पंचायत के नए कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा।

## बिजली मिस्त्री प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 25 जून ।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी जिला बीजापुर में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिले के युवाओं को बिजली मिस्त्री प्रशिक्षण (असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन) में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण (जिसमें आवास एवं प्रातः नाश्ता एवं दोपहर रात्रि भोजन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है) प्रदाय करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के साथ साथ व्यक्तिव निर्माण एवं उद्यम विकास की निःशुल्क सामान्य कक्षा भी प्रदाय की जाती है। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार/स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। उक्त कोर्स में आवेदन करने हेतु कम से कम 8 वीं कक्षा उर्तीण एवं 18 से 45 वर्ष तक आयु होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदकों का कॉउसलिंग 25 एवं 26 जून 2025 को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, बीजापुर (एजुकेशन सिटी, ज्ञानगुडी) में आयोजन किया जाएगा।

## जिला खनिज संस्थान न्यास में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 25 जून ।** छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास के अनुसार, जिला बीजापुर हेतु विकास सहायक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-03 एवं भृत्य के लिए स्वीकृत संविदा भर्ती हेतु निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। ऑनलाईन आवेदन हेतु जिला बीजापुर की ई-मेल collector-bij.cg@gov.in पर 28 जून 2025 तक आवेदन किया जा सकता है।

# मालदीव में स्वर्णपदक जीतने एवं एशियन चैंपियनशिप मलेशिया के लिए क्वालिफाई करने पर दिव्या को कलेक्टर ने दी बधाई




**महासमुंद 25 जून ।** अंडर 16 एशियन चैंपियनशिप क्वालीफायर 12 से 15 जून तक आयोजित किया गया था, जिसमें भारतीय टीम ने श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीप से लगातार मैच जीतकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। फ़ाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीता एव फिबा अंडर 16 वूमेन एशियन चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। जो 14 से 20 सितम्बर 2025 तक मलेशिया में आयोजित किया जाएगा। भारतीय बास्केटबॉल बालिका टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल होकर स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने दिव्या को मालदीप में स्वर्ण पदक जीतने एवं एशियन चैंपियनशिप मलेशिया के लिए भारतीय टीम के क्वालिफाई करने पर बधाई एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। दिव्या ने 48 वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अगस्त 2023 पांडिचेरी में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही हैं जिसमें दिव्या ने अच्छा प्रदर्शन किया था।

महासमुंद जिले में बास्केटबॉल खेल का अभ्यास प्रतिदिन स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में किया जाता हैं जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं। जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भागीदारी करने के साथ ही पदक जीतने में सफल रहे हैं। भारतीय बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से एक मात्र बालिका खिलाड़ी महासमुंद जिले से दिव्या रंगारी के स्वर्ण पदक जीतने एवं एशियन चैंपियनशिप में भारतीय टीम के क्वालिफाई होने पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, सीईओ श्री एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू व जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे व जिला अधिकारियों सहित नुरेन चंद्राकर अध्यक्ष जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, गौरव चंद्राकर चेयरमैन जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, शुभम तिवारी सचिव जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, मनीष श्रीवास्तव, संतोष कुमार सोनी ने शुभकामनाएं दीं।

# अवैध रेत भंडारण पर खनिज विभाग ने की सख्त कार्रवाई




**महासमुंद, 25 जून ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त टीम द्वारा 23 जून को ग्राम मुड़ियाडीह, तहसील महासमुंद स्थित महानदी क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण की शिकायत पर कार्रवाई की गई।

खनिज अधिकारी के बताया कि जांच के दौरान नदी किनारे लगभग 100 हाईवा (1400 घनमीटर) रेत अवैध रूप से भंडारित पाया गया, जिसे तत्काल जप्त किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि ग्रामीणों के अनुसार रात्रि के समय उक्त अवैध भंडारण स्थल से रेत भराई का कार्य किया जाता था। अवैध गतिविधि में प्रयुक्त एक चैन माउंटेन मशीन जेसीबी को भी मौके से जब्त किया गया।

खनिज विभाग द्वारा इस प्रकरण में खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर 2 से 5 वर्ष तक की सजा हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी जिले के समस्त खनिज पट्टेदारों एवं परिवहनकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के किसी भी प्रकार का खनिज उत्खनन, परिवहन अथवा भंडारण दण्डनीय अपराध है। भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## वीरांगना रानी दुर्गावती शहादत दिवस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अर्पित की पुष्पांजलि

**महासमुंद, 25 जून ।** रानी दुर्गावती की शहादत दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े आज महासमुंद के बी.टी.आई. रोड पर स्थापित वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके अद्वितीय बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भीखम सिंह ठाकुर, पूर्व राज्य मंत्री श्री पूनम चंद्राकर, स्काउट गाइड के अध्यक्ष श्री येतराम साहू, बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, महिला समूहों की सदस्याएं, युवा वर्ग तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने वीरांगना की साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की एक महान वीरांगना थीं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन साहस, नेतृत्व, आत्मबलिदान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती जैसी विभूतियां देश के युवाओं, विशेषकर महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने उपस्थित जनसमुदाय से आह्वान किया कि वे रानी दुर्गावती के आदर्शों को अपनाएं और सामाजिक जागरूकता, शिक्षा तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# दंतेवाड़ा जिले में गरीब परिवारों को दिए जा रहे पक्के मकान

**दंतेवाड़ा, 25 जून ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 के तहत दंतेवाड़ा जिले के चितालंका ग्राम पंचायत के कई निर्धन और जरूरतमंद परिवारों को उनके पक्के मकान का सपना साकार किया जा रहा हैं। वर्षों से झोपड़ियों या अधूरे मकानों में जीवन बिता रहे इन परिवारों के चेहरों पर अब इस सौगात की खुशी की झलक साफ देखी जा सकती है। इस परिप्रेक्ष्य में इन हितग्राहियों में से एक चितालंका की निवासी श्रीमती सुकारी ईच्छाम के अधूरे घर की दीवारें अब मजबूती से खड़ी हैं, क्योंकि उनका मकान ''प्लिन्थ'' स्तर पर कार्य पूरा हो चुका है, और छत की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, श्रीमती श्यामदई नाग के घर का निर्माण कार्य छज्जा स्तर तक पहुँच चुका है, जिससे यह स्पष्ट है कि कुछ ही समय में



उनका मकान भी पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा।एक अन्य हितग्राही श्री कलजुक नेताम के लिए सबसे बड़ी खुशी की बात यह रही कि उनका घर पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है। अब उनके परिवार के पास एक मजबूत, सुरक्षित और सम्मानजनक रहवास है, जिसकी उन्होंने वर्षों से कामना की थी। यह सिर्फ ईंट और सीमेंट का निर्माण नहीं है, बल्कि उन सपनों की नींव है जो लंबे समय से अधूरे थे। अब ये परिवार न केवल बारिश, धूप और ठंड से सुरक्षित हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और गरिमा की भी अनुभूति आई है। उनके परिवार के लिए बारिश के मौसम में कच्चे घर में रहना हमेशा एक चुनौती रहा। छत से पानी टपकता, दीवारें भीगती और जहरीले जीवों का खतरा हर वक्त बना रहता था। इन समस्याओं ने उन्हें अक्सर चिंता और असुरक्षा के घेरे में रखा। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 उनके जीवन में एक नई रोशनी की किरण लेकर आई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिली यह सौगात ग्रामीणों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर तबके को एक पक्के घर के साथ-साथ बल्कि उनके सपनों को भी नए पंख दे रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 27 जून को वृहद पौधारोपण अभियान

**धमतरी 25 जून।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले में 27 जून को वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही जुलाई महीने में भी हर शनिवार को ग्राम पंचायतों और प्राथमिक सहकारी साख समितियों के परिसरों में पौध रोपण का काम चलता रहेगा। इस अभियान के लिए अपेक्षित संख्या में पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर ने वनमण्डलाधिकारी को दिए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम ''सहकारिता से बेहतर दुनिया का निर्माण'' निर्धारित किया गया है।

# विधवा महिलाओं से पेंशन के नाम पर अवैध वसूली, दो लिपिक सस्पेंड

**गरियाबंद,25 जून।** विधवा महिलाओं से पेंशन के नाम पर अवैध वसूली करने वाले दो लिपिकों के खिलाफ अब विभागीय कार्रवाई की गई है. लिपिक मजहर खान और खोरबहारा ध्रुव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी किया है. मामले में दोनों आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है.

बता दें कि मामला फिंगेश्वर बीईओ दफ्तर से जुड़ा था. जहां ब्लॉक में बतौर शिक्षक सेवा दे रहे गेसराम दीवान और चेनसिंह दीवान की मृत्यु के बाद उपादान की राशी देने और पेंशन प्रकरण बनाने के नाम पर पेंशन शाखा संभाल रहे लिपिक मजहर खान और बोरिद हाईस्कूल के लिपिक ख़ोरबहारा ध्रुव ने दोनों के बेवा से लाख कुल 4.80 लाख रुपये की रिश्वत ले लिया. रिश्वत दिसंबर 2024 में लिए गए लेकिन आज पर्यंत शिक्षकों के बेवाओ को योजना का लाभ नहीं मिला था.पीड़ित विशाखा बाई और देशों बाई ने पहले जब मामले की शिकायत की थी तब अनदेखा कर दिया गया था. भाजपा नेता प्रीतम सिन्हा ने मामले की शिकायत एसपी से की तब जाकर कार्रवाई हुई. एसपी निखिल राखेचा ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे. फिंगेश्वर और छुरा पुलिस ने अपने अपने थाना क्षेत्र में आने वाले पीड़िताओं के शिकायत के आधार पर दोनों थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया.इलाज के अभाव में हुई थी बेटे की मौत

पतोरा की रहने वाली गेस नारायण की बेवा विशाखा ने बताया कि लिपिक खोलबहरा के मांग पर एनपीए खाते से राशि आहरण कराया गया. इस राशि के आहरण के लिए 2 लाख का चेक दिया, जिसमें अक्षर में नहीं लिखे होने का फायदा उठाकर लालची लिपिक खोरबहारा ने 2 लाख के बजाए 2.80 लाख चेक से निकाल लिए. एनपीए की राशि में आहरण को लिमिट खत्म हो गई. इसी बीच पीड़िता के बेटा बीमार हुआ तो इलाज के लिए उसे रकम की जरूरत थी. समय पर पैसे नहीं मिले जिसके कारण बेवा विशाखा का बेटा भी उपचार के अभाव में दम तोड़ दिया. न तो पति और बेटे रहे, पैसे भी खत्म हो गए इसके बावजूद शिक्षा विभाग के जिम्मेदार मौन बैठे रहे. हालांकि, अब पीड़िता को न्याय की उम्मीद जग गई है. अकलवारा प्रधान पाठक चेन सिंह की बेवा देशों बाई नेबोरिद स्कूल चपरासी खोरबहारा ध्रुव के जरिए फिंगेश्वर बीईओ दफ्तर का लिपिक मजहर खान ने उपादान की राशि दिलाने और पेंशन प्रकरण बनाने के नाम पर 2, लाख रिश्वत देने की बात पुलिस को बताई.।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं के प्राप्त 856 में से 653 प्रकरण किए गए निराकृत

**दंतेवाड़ा, 25 जून ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं, अभियानों और कार्यक्रमों की तैयारियों एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने के संबंध में संस्था प्रमुख एवं प्राचार्यो की नियमित बैठक लेने, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के संबंध में छूटे हुए हितग्राहियों की पंचायतवार मोनिटरिंग, अनुकंपा नियुक्तियों के प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए निराकृत करने के संबंध में संबंधित विभागों को निर्देश दिए। बैठक में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवार पुनर्वास सुविधा शिविर के संबंध में जानकारी दी गई कि इन शिविरों के तहत आधार, राशन, आयुष्मान, कार्ड, श्रम, जॉब कार्ड, सामाजिक पेंशन, बैंक खाता खोलने, आय, जाति, निवास, कौशल विकास, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे विभिन्न योजनाओं के प्राप्त 856 में से 653 प्रकरणों को निराकृत किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को राशन वितरण केंद्रों के संबंध में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही के लिए विभाग प्रमुख ही जिम्मेदार रहेगें।इसके अलावा उन्होंने बैठक में ग्राम बालूद में बिजली गुल रहने में शिकायत पत्र, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत कैंप लगाकर कार्य की अद्यतन प्रगति, ग्राम छिंदनार में पशु औषधालय के निर्माण, ई-श्रम पोर्टल में प्रदेश के असंगठित कर्मकारों के पंजीयन हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल दंतेवाड़ा द्वारा सिलाई मशीन क्रय करने हेतु पारित राशि प्रदाय करने, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के कम्प्यूटराइजेशन, दंतेवाड़ा अंतरराज्यीय बस स्टैंड के निर्माण प्रगति तथा सभी विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ऑपरेटरों के प्रशिक्षण के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, सहित सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

## मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 26 एवं 27 जून को साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा

**दंतेवाड़ा, 25 जून ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विज्ञप्ति अनुसार मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत 27 जून 2025 को जिला बाल संरक्षण आईसीपीएस अंतर्गत लेखापाल, सहा. सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, आउटरीच वर्कर, शासकीय बाल देखरेख संस्था अंतर्गत स्टोर कीपर सह लेखापाल, पी.टी. इंस्ट्रक्टर सह योग प्रशिक्षक, एजुकेटर, कला एवं क्राफ्ट सह संगीत शिक्षक एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अंतर्गत परियोजना समन्वयक, काउंसलर, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर रिक्त पदों पर भर्ती हेतु कौशल परीक्षा लाईवलीहुड कालेज कारली विकास खण्ड गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में प्रातः 10 बजे एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार संयुक्त जिला कार्यालय भवन, महिला एवं बाल विकास विभाग, दंतेवाड़ा के कक्ष क्रमांक 247 एवं 249 में दोपहर 2 बजे से निर्धारित की गई है। तथा 26 जून 2025 को जिला बाल संरक्षण आईसीपीएस अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल संरक्षण अधिकारी अवलोकन किया जा सकता है।

## पोषण सेवाओं के सुदृढीकरण के लिए विशेष कार्ययोजना बनाएंः कलेक्टर

**मोहला 25 जून ।** बैठक में जिले में पोषण सुधार हेतु अनेक निर्णय लिए गए। शून्य से 6 माह के बच्चों का नियमित वजन और लंबाई मापने, पोषण ट्रैकर में शत-प्रतिशत हितग्राही पंजीयन करने कहा गया। इसी प्रकार सैम और मैम में बच्चों की पहचान कर नियमित फॉलोअप की व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। टीएचआर संवर्धित पोषण वितरण में गंभीर कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने कहा गया। इन बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण कार्य को प्राथमिकता देने कहा गया। निर्देशित किया गया कि एएनएम, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-गृह जाकर व्यक्तिगत निगरानी किया जाए। म वजन वाले बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने, आई वाई सी एफ एवं सीमैम विषय पर फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने कहा गया। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस को और प्रभावी बनाते हुए इसमें सैम बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण परामर्श एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।आंगनबाड़ी केंद्रों की अधोसंरचना जैसे भवन शौचालय, पानी की सुविधा, साफ-सफाई एवं बाल विकास हेतु अनुकूल वातावरण को प्राथमिकता में शामिल करने निर्देशित किया गया। जिन केंद्रों की स्थिति खराब है, उनकी मरम्मत व सुदृढ़ीकरण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। ब्लॉक स्तरीय समन्वय बैठकें नियमित करने के निर्देश दिए गए। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूलों में साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड वितरण करने और स्वास्थ्य चर्चा को सक्रिय रखने कहा गया।

## सभी स्कूलों में शिक्षा दूत की व्यवस्था की जाए: कलेक्टर



**बीजापुर 25 जून ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिले के समग्र विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर समीक्षा की। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।कलेक्टर श्री मिश्रा ने बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कहा आवश्यक संसाधनों कि सभी स्कूलों में शिक्षा दूत की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शाला त्यागी बच्चों का तत्काल नामांकन कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।जन्म प्रमाण पत्र एवं वोटर आईडी, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के निर्माण कार्य को तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को यह मूलभूत दस्तावेज समय पर उपलब्ध हों।नक्सल पीड़ित परिवारों के सैचुरेशन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।जल जीवन मिशन, आंगनबाड़ी सेवाओं, तथा स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने की बात कही। गर्भवती महिलाओं का समय पर इलाज सुनिश्चित करने एवं एम्बुलेंस की सुगमतापूर्वक उपलब्धता पर भी विशेष जोर दिया।मानसून को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने कहा कि जलभराव की स्थिति न बने, इसके लिए सभी विभाग आवश्यक तैयारियां रखें। बसाहट वाले इलाकों में राहत भवन, क्विक रिस्पॉन्स टीम, एवं मॉनिटरिंग टीम सक्रिय रखी जाए।ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रैक्टर या अन्य संसाधनों के माध्यम से राशन को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाया जाए, ताकि ग्रामीणों को दूर-दराज नहीं जाना पड़े।शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुँचाने में तत्परता दिखाएं। अंत में उन्होंने अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली और मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की जनसमस्या से बचने के लिए सभी विभागों को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का बारहवां चरण 24 जुलाई तक चलाया जाएगा



**बीजापुर 25 जून ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 बी0आर0 पुजारी के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान बारहवां चरण 25 जून 2025 से 24 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा। यह राज्य व्यापी स्वास्थ्य अभियान, जनभागीदारी, सतत निगरानी और सामुदायिक जागरुकता के माध्यम से मलेरिया उन्नमुलन के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के तहत जिले के कुल लक्षित जनसंख्या 2,93,045 का मलेरिया जांच एवं उपचार किया जाना है। इस अभियान का मुख्य उदेश्य मलेरिया की जांच एवं उपचार हेतु घर घर जा कर सुविधा प्रदान करना। मच्छरों के प्रजनन स्थानों की सफाई एवं नष्टीकरण। जन जागरुकता के माध्यम से आमजन के व्यवहार में बदलाव लाना। अन्तर विभागीय समन्वय बनाकर प्रभावी ढंग से अभियान को सफल बनाने आमजन से अपिल है कि अपना बहुमूल्य समय देकर इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## मान्यता प्राप्त निजि चिकित्सकों से आवासीय संस्थाओं में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 25 जून ।** जिले में संचालित ऐसे विभागीय छात्रावास/आश्रम शालाओं के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित नहीं है। उन छात्रावास/आश्रम शालाओं में निवासरत छात्र-छात्राओं को स्वस्थ तन स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजनांतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने हेतु मान्यता प्राप्त चिकित्सा जो एम.बी.बी.एस, बी.ए.एम.एस. डिग्री धारी निजी चिकित्सकों से अनुबंध किया जाना है। इस हेतु इच्छुक चिकित्सक आवेदन पत्र (योग्यता संबंधी सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ) कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा बीजापुर में 04 जुलाई 2025 सायं 5:30 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेज सकते है।नियम एवं शर्तेः- अनुबंधित निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सक को माह में कम से कम दो बार संस्था में निवासरत विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करना होगा। प्रति परीक्षण 50 सीटर संस्था हेतु रू. 750 तथा 100 सीटर संस्था हेतु रू. 1200 तक नियमानुसार मानदेय दिया जावेगा। निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सक अपने लेटर पेड में एक या एक से अधिक संस्था हेतु अर्जित डिग्री हेतु अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बीजापुर में नाम से आवेदन पत्र 04 जुलाई 2025 तक पंजीबद्ध डाक अथवा सीधे कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है। नियम/अनुबंध एवं शर्तों तथा संस्थाओं की विस्तृत जानकारी हेतु सहायक आयक्त, आदिवासी विकास बीजापुर से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

## पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 29 जून तक

**कांकेर, 25 जून ।** तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में प्रवेश के पश्चात रिक्त सीटों के लिए पंजीयन 26 से 29 जून तक होगा। शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि परिणाम की घोषणा 04 जुलाई को होने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया 05 से 08 जुलाई तक चलेगी। सभी छात्र निर्धारित तिथि में आबंटित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में तीन शाखाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं, इनमें सिविल इंजीनियर, मेकेनिकल इंजीनियर और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन शामिल है। इस संस्था में छात्राओं के लिए शिक्षण शुल्क पूर्णतः निःशुल्क है। छात्रों की सुविधा के लिए संस्था में सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है, जहां ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। पंजीयन शुल्क 200 रुपए है, जिसे ऑनलाइन माध्यम से ही भुगतान करना होगा। पंजीयन के समय पीपीटी का स्कोर कार्ड, 10वीं, 12वीं और आईटीआई की अंकसूचियां, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण यदि लागू हो तो रखना है। इसके अलावा जिले के मूल निवासी बिना पीपीटी परीक्षा के भी प्रवेश हेतु पात्र हैं। इसी प्रकार तृतीय चरण के लिए 10 से 13 जुलाई एवं प्रवेश 19 से 22 जुलाई तक होगा।

## स्वरोजगार के लिए ऋण प्राप्त करने 10 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर, 25 जून।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 10 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत् ऋण प्रदाय किया जाएगा।

# ट्रैफिक चालान मामलों की सुनवाई अब होगी आसान

## सभी संभागों में खोले जाएंगे वर्चुअल कोर्ट



**रायपुर, 25 जून।** छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक चालान मामलों की सुनवाई को आसान और डिजीटाइज करने के लिए बड़ा फैसला लिया गया है. सभी संभागों में इसके लिए वर्चुअल कोर्ट खोले जाएंगे. इस व्यवस्था से अब वाहन चालकों को नहीं लगाने पड़ेंगे कोर्ट के चक्कर. इन वर्चुअल कोर्ट में सुनवाई की जिम्मेदारी संबंधित जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सीजेएम की होगी. इस संबध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मनीष कुमार ठाकुर ने जारी किया है. जारी आदेश के मुताबिक, बस्तर संभाग के वर्चुअल कोर्ट का संचालन जगदलपुर में होगा, यहां सुकमा, दंतेवाड़ा समेत अन्य जिलों के चालान मामलों की सुनवाई की जाएगी. इसी तरह, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर और अंबिकापुर में स्थापित वर्चुअल कोर्ट्स अपने-अपने संभागीय जिलों के मामलों की सुनवाई करेंगी.

**वाहन चालकों को नहीं काटने पड़ेंगे कोर्ट के चक्कर**-इस व्यवस्था से वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी, अब उन्हें कोर्ट के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे. ऑनलाइन प्रकिया से चालान की जानकारी, सुनवाई और भुगतान होने से समय की बचत के साथ-साथ कोर्ट पर बोझ भी कम पड़ेगा.

**वर्चुअल कोर्ट में ट्रैफिक चालान मामलों की सुनवाई** –वाहन चालकों को अपने चालान की जानकारी संबधित पोर्टल और एप पर सीधे मिल सकेगी. जिसके बाद वे वर्चुअल सुनवाई के माध्यम से मामले का निपटारा किया जा सकता है.

## एक नजर

### पति को बीच रास्ते छोड़ प्रेमी संग भागी पत्नी



**बिलासपुर, 25 जून।** बिलासपुर के मस्तूरी क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें सोनम रघुवंशी केस की झलक दिखाई दे रही है. दरअसल, इस केस में भी शादी के बाद पत्नी का धोखा देना है, अंतर केवल इतना है कि इस मामले में पति की हत्या नहीं की, बस उसे बीच रास्ते छोड़कर भाग गई. पीड़ित पति ने मामले की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. घटना तोरवा थाना क्षेत्र की है. पीड़ित अंकित महिलांगे की महज 20 दिन पहले शादी हुई थी. शादी के बाद परंपरा के अनुसार उसकी पत्नी रंजिता जोशी अपने मायके गई. वहां से अपनी पत्नी को विदा करवा कर अपने घर ला रहा था कि बीच रास्ते में उसे तीन युवकों ने घेर कर हमला कर दिया. अंकित जब तक खुद को संभाल पाता, उसकी पत्नी बाइक से उतरकर हमलावर युवक के पीछे बैठकर वहां से रवाना हो गई. युवक का कहना है कि पत्नी ने खुद दूसरे युवक के कंधे पर हाथ रखा और पीछे मुड़कर तक नहीं देखा. जिसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गई है.

### प्रेमी जोड़े की पेड़ पर लटकी मिली लाश



**जांजगीर-चांपा, 25 जून।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के धनेली गांव में युवक-युवती ने एक साथ पेड़ पर फांसी लगाकर आत्मत्या कर ली. दोनों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. युवक की पहचान अमोरा निवासी शैलेन्द्र केवट के रूप में हुई है. वहीं महिला की पहचान रामकुमारी सिंह 36 वर्ष सोहागपुर, कोरबा की रहने वाली थी. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर जांच में जुट गई है. पूरा मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है. जानकरी के मुताबिक, धनेली गांव के खड़ाखोडी तालाब के पास बबुल पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक-महिला, प्रेमी जोड़े हैं. मृतक शैलेन्द्र सोमवार को पिकनिक मनाने के लिए घर से निकला था. उसकी 3 महीने पहले ही शादी हुई थी. वहीं मौके पर मृत मिली महिला रामकुमारी सिंह के माथे पर सिंदूर देखा गया है.

# अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर लगाया लोकतंत्र की हत्या का आरोप

**आपातकाल को लेकर बोले-चंद्राकर**



**रायपुर, 25 जून।** 1975 को लगाए गए आपातकाल से नई पीढ़ी अवगत रहे इस उद्देश्य से भाजपा आज संविधान हत्या दिवस मना रही है. इस अवसर पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने तंज कसते हुए कहा कि आपातकाल और 1984 का सिख दंगा, ये दोनों घटनाएं कांग्रेस के ताज में नगीने हैं. कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र की हत्या, असुरक्षा और विरोधियों की हत्या शामिल है. यह बात इस पीढ़ी को जानना जरूरी है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सवाल उठाया कि आखिर मानव अधिकार क्यों निलंबित किए गए. सत्ता में आने के लिए कांग्रेस आज माफी मांगे उससे फर्क नहीं पड़ता. इसके साथ उन्होंने भूपेश बघेल, डॉ. चरण दास महंत, दीपक बैज और टीएस सिंहदेव के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि जब कांग्रेस दफन होगी तो चारों अपने कंधे पर उसे ले जाएंगे. संगति के लिए इसकी जरूरत है. वहीं सचिन पायलट के अंतर्कलह नहीं दिखने वाले बयान पर चंद्राकर ने पलटवार करते हुए कहा कि अंतर्कलह नहीं तो नेता प्रतिपक्ष लाठी किस पर चलाएंगे? हम पर चलाएंगे क्या? किसके कहने पर लाठी चलाएंगे? वहा× किसके कहने पर पहुंचे? नेता प्रतिपक्ष उत्तेजित होने वाले आदमी नहीं है? अब कान छुपाने के लिए इनको कुछ तो पहनना ही पड़ेगा ना. कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे रायपुर आ चुके हैं. उनके नेतृत्व में अधिवेशन होने के बाद कांग्रेस यहां क्यों हारी? उनका भाषण हुआ और भाजपा चुनाव जीती. वह भाषण देंगे और फिर हमारा चुनाव जीतने का रास्ता पुष्ट हो जाएगा.

# साफ-सफाई के लिए खरीदे गए करोड़ों के वाहन हो रहे बेकार



**मुंगेली, 25 जून।** मुंगेली नगर पालिका में जनता के पैसों से खरीदे गए करोड़ों के वाहन और उपकरण कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं. रखरखाव की अनदेखी, कर्मचारियों की भारी कमी और जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता ने कीमती और शहर की स्वच्छता के लिए खरीदे गए वाहनों को धूल फांकने पर मजबूर कर दिया है. यह बात हम नही बल्कि स्थानीय लोग ही कह रहे है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर विकास और सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए लाखों-करोड़ों की मशीनरी खरीदी गई थी – जिसमें जेसीबी, छोटी पोकलेन, सेवर सक्शन मशीन, ड्रेन क्लीनिंग मशीन, सफाई वाहन, कचरा वाहन, ट्रैक्टर-ट्राली समेत कई बेशकीमती उपकरण शामिल हैं. लेकिन आज ये सभी सीएमओ बंगले के बगल में धूल खा रहे हैं. कुछ वाहन तो ऐसे हैं जो उपयोग में लाने से पहले ही कंडम हो चुके हैं. न कोई मेंटेनेंस, न कोई जिम्मेदारी – हालत ये है कि अब इन्हें नीलामी कर कबाड़ के भाव बेचने की तैयारी है. नगर पालिका में व्याप्त कमीशन नीति के कारण योजनाएं शुरू होने से पहले ही दम तोड़ देती हैं. जनता की मेहनत की कमाई से खरीदी गई मशीनें बस खरीदी भर में सीमित रह जाती हैं।

# मध्य क्षेत्रीय परिषद की अगली बैठक बस्तर में होगी

**रायपुर, 25 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने कहा, मध्य क्षेत्रीय परिषद का अगला सत्र राज्य के बस्तर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा जो भारत के दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों को राष्ट्रीय नीति-निर्धारण की मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद का गढ़ बना हुआ है, जिसमें सात जिले बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा शामिल हैं। हालांकि, केंद्र ने मार्च 2026 के अंत तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा में यह पुष्टि की गई कि परिषद का अगला सत्र बस्तर में होगा। इसमें कहा गया कि इस फैसले को देश के दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण अंचलों को राष्ट्रीय नीति-निर्धारण की मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र में इस स्तर की बैठक का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समावेशी विकास और सुशासन की नीति का सशक्त प्रतीक है।

**बस्तर को शांति और विकास के मॉडल लक्ष्य**-उन्होंने बताया, बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि परिषद की अगली बैठक तक बस्तर में नक्सल उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय और निर्णायक प्रगति हो चुकी होगी।

### बीटेक की प्रवेश काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 27 तक

**रायपुर, 25 जून।** संचालनालय तकनीकी शिक्षा की ओर से तकनीकी संस्थाओं में संचालित बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू हो गई है. प्रथम चरण की काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 27 जून तक कर सकते हैं.

## समाचार संक्षेप

### निजी स्कूलों को अब तक नहीं मिली किताबें, पढ़ाई पर असर

**एसोसिएशन ने सीएम से की पीडीएफ कॉपी ऑनलाइन जारी करने की मांग**

**रायपुर, 25 जून।** प्रदेश के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई इस बार समय पर शुरू नहीं हो पाई है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर इस बात पर चिंता जताई है कि स्कूलों को अब तक राज्य सरकार की ओर से निशुल्क पाठ्यपुस्तकें नहीं मिल पाई हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। एसोसिएशन का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी राज्य पाठ्यपुस्तक निगम को किताबों का वितरण करना था, लेकिन स्कूल खुलने के एक हफ्ते से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अभी तक न तो किताबें स्कूलों तक पहुंचीं हैं और न ही डिपो तक। अनुमान है कि किताबें मिलने में अभी और करीब तीन हफ्ते लग सकते हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जब तक किताबें नहीं पहुंचतीं, तब तक कम से कम पाठ्यपुस्तकों की पीडीएफ कॉपी ऑनलाइन उपलब्ध करा दी जाए, ताकि स्कूल शुरुआती पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू कर सकें।

### चलती कार से युवक की लाश फेंकी गई, चार गिरफ्तार

**रायपुर, 25 जून।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब एक चलती कार से युवक की लाश सड़क किनारे फेंक दी गई। यह वारदात थाना के पीछे निर्माणाधीन सड़क पर हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्ध कार की पहचान की। कार एक क्रेटा मॉडल की थी, जिससे शव को फेंका गया था। पुलिस ने इस कार के मालिक समेत एक युवती और दो अन्य युवकों को हिरासत में ले लिया है। मृत युवक की पहचान मंदीप सिंह के रूप में हुई है, जिसके हाथ पर उसका नाम गुदा हुआ था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार में मौजूद चारों युवक-युवती नशे की हालत में थे और कार के भीतर ही मादक पदार्थों का सेवन कर रहे थे। इसी दौरान मंदीप ने अत्यधिक मात्रा में ड्रग ले ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। साथी घबरा गए और उसे अस्पताल ले जाने की बजाय लाश को सुनसान स्थान पर फेंककर फरार हो गए। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि कार में मौजूद युवती एक सेक्स वर्कर है, जो पहले भी नशे की लत के चलते पुलिस की निगाह में आ चुकी है।

### बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में बनेगी 18 सेंट्रल लाइब्रेरी

**रायपुर, 25 जून।** छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा, सूरजपुर, बैंकुठपुर, चिरमिरी जैसे दूरस्थ अंचलों के युवाओं को भी सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन की सुविधा मिलेगी। राज्य शासन ने इन नगरीय निकायों के साथ ही कुल 17 नगरीय निकायों में सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन के निर्माण के लिए 114 करोड़ 50 लाख 77 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से राज्य के विभिन्न शहरों में कुल 18 सेंट्रल लाइब्रेरी स्थापित की जाएंगी जिनमें कई दूरस्थ अंचलों के शहर भी शामिल हैं। इन लाइब्रेरीज की स्थापना से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। साथ ही उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अच्छी पुस्तकें भी मिलेंगी। प्रदेश के हर वर्ग के युवाओं के करियर निर्माण में ये सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन काफी सहायक होंगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से विभागीय संचालक को सेंट्रल लाइब्रेरीज के लिए राशि की मंजूरी के संबंध में परिपत्र जारी किया है।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26